**खास बात**

*सिद्धान्त की बातें तो पुस्तकों से छाँटकर सभी वाद-विवाद में पटु हो जाते हैं; मगर कितने उन सिद्धान्तों पर चलते हैं।*

*- अज्ञेय*


॥ श्री हरि शरणम् ॥

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 63

रायसेन
शनिवार, 30 अगस्त 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

**रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित**


## ग्वालियर में 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आगाज

# निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, होटल इंडस्ट्री के 400 लोग शामिल हुए, आज सीएम आएंगे

**ग्वालियर ■ एजेंसी**

ग्वालियर में दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव 2025' का शुभारंभ शुक्रवार शाम मैहर बैंड की प्रस्तुति के साथ हुआ है। मैहर बैंड में बन्दूक की नाल से बने नल वाद्ययंत्र पर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कलाकर फैसल मलिक, पीयूष मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए हैं।

कार्यक्रम में दूसरी प्रस्तुति ग्वालियर-चंबल का लांगुरिया नृत्य रहा है। मां कैला देवी की भक्ति से भरा यह नृत्य ग्वालियर-चंबल में मांगलिक कार्यक्रम में किया जाता है। स्थानीय कलाकारों ने यह नृत्य पेश किया। जो सभागार में मौजूद लोगों को बेहद पसंद आया। कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हो रहा है। जिसमें देशभर से 400 से अधिक निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के कर्मचारी और अन्य हितधारक शामिल हुए हैं।

कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। साथ ही संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री के सामने पर्यटन इंडस्ट्री में निवेश को लेकर करार किए जाएंगे। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने संभावना जताई है कि इस कॉन्क्लेव से लगभग 4,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया जा सकता है।



कॉन्क्लेव से पहले ग्वालियर-चंबल अंचल के सोशल मीडिया ब्लॉगर्स की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि वेब सीरीज 'पंचायत' के अभिनेता फैसल मलिक रहे।

**कार्यक्रम स्थल पर कड़ी सुरक्षा-** टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी थीम पर केन्द्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर-2025 तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा। उससे पहले रीवा और ग्वालियर में 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' की जा रही है। रीवा में 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' हो चुकी है और ग्वालियर में 29 व 30 अगस्त को हो रही है।

शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी। इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो साझेदारी होगी। इससे हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे।

इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्केपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

### अनुबंध और साझेदारियों से होगा पर्यटन का विकास

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) प्रदान किए जाएंगे। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू होगा। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध होंगे। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

## भारत-जापान के बीच हुए कई अहम समझौते

# 50 हजार को रोजगार देगा जापान भारत में करेगा 6 लाख करोड़ निवेश

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की साझेदारी से भारत में बड़े पैमाने पर बुलेट ट्रेन के विस्तार का ऐलान किया है। इसी के साथ चंद्रयान-5 मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के बीच सहयोग की घोषणा भी की गई।

पीएम मोदी ने कहा, '5 सालों में दोनों देशों के बीच 5 लाख लोगों का आपसी आदान-प्रदान होगा। इसमें भारत से करीब 50 हजार स्किल्ड और सेमी स्किल्ड स्टाफ जापान जाएंगे।' वहीं, इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन निवेश करने की बात कही है। उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल-मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया।

### पीएम ने कहा इसरो और JAXA साथ करेंगे काम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम चंद्रयान-5 मिशन के लिए इसरो और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के बीच सहयोग का स्वागत करते हैं। हमारी सक्रिय भागीदारी पृथ्वी की सीमाओं से परे जा चुकी है और अंतरिक्ष में मानव जाति की प्रगति का प्रतीक बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ वार्ता के बाद संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान भारतीय और जापानी अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच सहयोग की घोषणा की। पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री इशिबा के साथ बातचीत के बाद कहा कि हमने अगले दशक के लिए सहयोग का रोडमैप तैयार कर लिया है.आज हमारी चर्चाएं उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण रहीं।



### 'आज का इंडिया टैलेंट का पावर हाउस' जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा' : पीएम मोदी

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय जापान के दौरे पर हैं। जापान के टोक्यो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने जापान की यात्रा के पहले दिन जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ भारत-जापान आर्थिक मंच में भाग लिया। दरअसल, पीएम मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले 11 सालों में भारत में कई बदलाव हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत में निवेश के लिए ये समय सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा कि भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। हम न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर को खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जापान हर क्षेत्र में एक बेहतर साझेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का नया भारत एक तरीके से टैलेंट का पावर हाउस बन चुका है।

### भारत में 7000 किलोमीटर तक दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की साझेदारी से भारत में बड़े पैमाने पर बुलेट ट्रेन के विस्तार का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने जापान में कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) भारत और जापान के बीच एक प्रमुख परियोजना है। हमारा लक्ष्य कुछ वर्षों में इस पर यात्री सेवाएं शुरू करना है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के अतिरिक्त देश में 7,000 किलोमीटर तक हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन का) लंबा नेटवर्क बनाने का लक्ष्य है।

इशिबा के साथ मौजूद मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है।

### पीएम मोदी को भेंट की गई 'दारुमा' डॉल



प्रधानमंत्री मोदी ने जापान यात्रा के दौरान शुक्रवार को दारुमा-जी मंदिर के मुख्य पुजारी रेव सीशी हिरोसे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को एक 'दारुमा' गुड़िया भेंट की। दारुमा गुड़िया जापान का एक खास सांस्कृतिक प्रतीक और यादगार चिन्ह है, जो बौद्ध धर्म के जेन संप्रदाय के संस्थापक बोधिधर्म पर आधारित है। यह गुड़िया दृढ़ता और सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती है।

## मुंबई में 'मराठा क्रांति', सड़कों पर जनसैलाब, आजाद मैदान में अनशन जारंगे बोले- 'पीछे नहीं हटूंगा'



**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल ने शुक्रवार को हजारों समर्थकों के साथ मुंबई में शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में अपना अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जारंगे के इस आंदोलन में शामिल होने के लिए पूरे महाराष्ट्र से मराठा समाज के लोग ट्रेनों के जरिए मुंबई पहुंचे, जिससे शहर के कई हिस्सों में जाम जैसी स्थिति बन गई। मनोज जारंगे ने अपने इरादे साफ करते हुए ऐलान किया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'मैं मरने या गोली खाने के लिए तैयार हूं, लेकिन पीछे हटने के लिए नहीं। मेरा अनशन सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है।' इसके साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने में पुलिस की मदद करने की भी अपील की। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें भूख हड़ताल जारी रखने दी जाए और मराठा समाज की सभी मांगों को तत्काल स्वीकार किया जाए। शुक्रवार सुबह से ही छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन का नजारा बदला हुआ था। स्टेशन परिसर भगवा झंडों, पारंपरिक टोपियों और गमछों से सजे प्रदर्शनकारियों से खचाखच भर गया। हजारों की संख्या में पहुंचे आंदोलनकारी ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते और नारेबाजी करते हुए स्टेशन से आजाद मैदान की ओर बढ़े। गुरुवार रात से ही स्टेशन के प्लेटफॉर्म प्रदर्शनकारियों से भरे हुए थे और कई लोग रात भर वहीं रुके रहे। आंदोलन और गणेशोत्सव को देखते हुए मुंबई में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया है। अकेले CSMT स्टेशन पर 40 अतिरिक्त RPF और 60 MSF जवान तैनात किए गए हैं। सेंट्रल रेलवे ने मुंबई के विभिन्न स्टेशनों पर कुल 240 अतिरिक्त RPF जवान तैनात किए हैं।

## शाह बोले- कांग्रेस ने सबसे घृणित काम किया है

# पीएम को गाली- पटना में बवाल, भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय में की तोड़फोड़



**पटना, दरभंगा ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली के मामले में बिहार की राजधानी पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित तौर कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर कांग्रेस दफ्तर पहुंचे थे। वह गेट तोड़कर पार्टी दफ्तर में घुस गए और वहां खड़े ट्रक के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई।

बवाल के बाद पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से खदेड़ा। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। 30 मिनट चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसियों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस मामले में मुजफ्फरपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक मैदान रोड) का घेराव किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### मोइत्रा ने अमित शाह के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

बिहार में पीएम मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब प. बंगाल से एक और बड़ा सियासी बवाल खड़ा हो गया है। टीएमके की सांसद महुआ मोइत्रा पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और हिंसक टिप्पणी करने का आरोप लगा है। महुआ ने कहा पहले आपको अमित शाह का सिर काट कर टेबल पर रख देना चाहिए।



इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री का बयान आया है। उन्होंने कहा- 'राहुल गांधी की यात्रा में पीएम मोदी की माताजी के लिए अपशब्द बोलकर कांग्रेस ने सबसे घृणित काम किया है।' जिस प्रकार की राजनीति राहुल गांधी ने शुरू की है, वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी। ये आज से नहीं है, नरेंद्र मोदी जब से पीएम बने तब से सोनिया-राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री को गालियां दी हैं।

## अंतर्मना उवाच

***पर्वों के पर्वराज का दूसरा चरण- उत्तम मार्दव***

***अहंकारी वो कागज के समान है, जो रोता नहीं बस रूला देता है - फिर वो प्रेम पत्र हो, या रिजल्ट हो, या मेडिकल रिपोर्ट हो।***



***णमोकार मंत्र का उपासक अहंकार कैसे कर सकता है..!*** *क्योंकि जहाँ णमोकार है, वहाँ अहंकार नहीं और जहाँ अहम है, वहाँ अर्हम् नहीं।* ***णमोकार और अहंकार दोनों विपरीत धारायें हैं-***

- *णमोकार पूरब है, तो अहंकार पश्चिम।*
- *णमोकार उत्तर है, तो अहंकार दक्षिण।*

*दोनों एक साथ नहीं रह सकते।* ***कभी आपने ध्यान दिया या चिंतन किया - णमोकार में पाँच बार णमो शब्द आया है।*** *इसलिए आचार्यों ने पांच बार णमो शब्द को प्रयोग किया- कि*

*अहंकार बहुत जटिल है, मीठा बदमाश है, इसलिए पांच बार णमो बोलकर नमन किया जिससे हमारा अहंकार चूर चूर हो जाये।* ***पांच बार नमन से, चोट की अहंकार पर।*** *णमोकार मंत्र की फुहार से अहंकार का हिमालय पिघल सकता है।* ***अहंकार का पिघलना, गलना, मिटना ही उत्तम मार्दव धर्म है।*** *अहंकार से मुक्ति का एक ही उपाय है- णमोकार मंत्र को अन्त:करण से जपो और अपनों से अपेक्षा मत रखो।* ***फिर देखो चेहरे और चारित्र में कैसे निखार आता है...!!!***

**■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

# 'देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा निभाएगी भाजपा' : शाह

**गुवाहाटी ■ एजेंसी**




असम दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा निभाएगी। असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्मशती पर गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित केंद्र का उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन देश के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करने और घुसपैठियों की पहचान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

उन्होंने कहा कि हमने असम से वादा किया था, भले ही हम 10 साल में इसे पूरा नहीं कर पाए हैं। लेकिन हम अपना वादा निभाएंगे। उन्होंने कहा कि असम और पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उन लोगों में से हूं जो मानते हैं कि हमारे देश में एक भी घुसपैठिया नहीं रहना चाहिए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आपकी अदालत में आज करेंगे संवाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह के 'आपकी अदालत' संवाद कार्यक्रम में विशेष साक्षात्कार शनिवार (30 अगस्त को) रात 10 बजे प्रसारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस विशेष साक्षात्कार में मध्यप्रदेश के विकास एवं समसामयिक मुद्दों पर संवाद करेंगे।



# बिहार में डबल अलर्ट : आतंकी घुसपैठ के बाद अब पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना ■ एजेंसी**

बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ के अलर्ट के ठीक एक दिन बाद, राजधानी पटना के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। गुरुवार, 28 अगस्त को एक अज्ञात ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई, जिसमें आज यानी शुक्रवार, 29 अगस्त को कोर्ट परिसर में 4 RDX IED विस्फोट करने की चेतावनी दी गई है।

धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद गुरुवार को ही कोर्ट में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूचना मिलते ही जज, वकील और अन्य सभी कर्मचारी तुरंत कोर्ट से बाहर निकल गए। मौके पर भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, गुरुवार को भेजे गए इस ईमेल में साफ तौर पर लिखा गया था कि 29 अगस्त को पटना सिविल कोर्ट में चार शक्तिशाली RDX IED ब्लास्ट किए जाएंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार ने तुरंत सभी को सूचित किया, जिसके बाद लोक अभियोजक राकेश कुमार ने भी सभी अधिवक्ताओं को अदालत परिसर से बाहर निकलने का निर्देश दिया।



## भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा-आपका व्यवहार पार्टी लाइन के विपरीत

# भिंड कलेक्टर विवादः भाजपा संगठन ने विधायक कुशवाह को लगाई फटकार

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

*भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव और भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाह मामले को भाजपा संगठन ने भी गंभीरता से लिया है। विधायक कुशवाह को शुक्रवार को भोपाल तलब किया गया। संगठन महामंत्री के निवास पर हुई बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा मौजूद थे। बैठक में विधायक कुशवाह के व्यवहार को गंभीर मानते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। संगठन ने साफ कहा कि उनका व्यवहार पार्टी लाइन के विपरीत है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस तरह का आचरण स्वीकार्य नहीं होगा। बता दें कि विधायक कुशवाह अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर निवास पर पहुंचे थे। उन्होंने किसानों को खाद नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। वहीं, कलेक्टर ने विधायक की ओर अंगुली दिखाते हुए कहा कि जिले में रेत चोरी नहीं चलने दी जाएगी। इसके बाद दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई और वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमा गया।*



### कलेक्टर का मोबाइल छीना

*यह भी बताया जा रहा है कि पूरे मामले का वीडियो बनाते समय विधायक ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव का मोबाइल छीन लिया था। विधायक ने कलेक्टर का साढ़े तीन घंटे तक मोबाइल अपने पास रखा और पुलिस अधिकारियों के निवेदन के बाद वापस लौटाया था। हालांकि कलेक्टर की तरफ पुलिस को अब तक कोई शिकायत इस संबंध में नहीं दी गई हैं।*

### आईएएस ऐसोसिएशन भी नाराज

*इस घटना के विरोध में आईएएस एसोसिएशन भी कलेक्टर के समर्थन में खड़ा हो गया है। उन्होंने मुख्य सचिव अनुराग जैन को मामले की जानकारी दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव ने मामले पर कहा कि यह दुर्व्यवहार चिंताजनक हैं। अधिकारियों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर मुख्य सचिव से हस्तक्षेप करने का निवेदन किया हैं। जानकरी के अनुसार कलेक्टर ने अवैध रेत डंप मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दे दी है।*

## शिक्षक पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित होंगे शिक्षक

**भोपाल।** प्रदेश में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक समारोह में 14 शिक्षकों को उनके द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कृत शिक्षकों को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित शिक्षकों में प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी के 8 और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 6 शिक्षक शामिल हैं। गत वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि आज जिन शिक्षकों का चयन उनके श्रेष्ठ कार्यों की वजह से हुआ है, वे अन्य शिक्षकों के लिये प्रेरणा का काम करेंगे। प्राथमिक शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा।

### पुष्पराज पटेल ने सीईओ ताराम को कराया अवगत

# पंचायत के बगीचे की नीलामी करने जनपद सदस्य ने सीईओ को दिया आवेदन

**माखननगर ■ निसं**

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा कला के अधिपत्य का लगभग पांच एकड़ मैं लगे महुआ, जामुन व आम के बगीचे की विधिवत नीलम किए जाने की मांग को लेकर जनपद सदस्य मनीष सैनी सहित ग्रामीणों ने लगभग चार माह पूर्व माखननगर सीईओ को मांग पत्र दिया था ।परन्तु इस मामले को ठण्डे वस्ते मैं देख ग्रामीणों ने किसान नेता पुष्पराज पटेल को इस मामले से अवगत कराया ।



सोमवार को कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल के साध जनपद सदस्य मनीष सैनी, राजू सैनी, पप्पू सैनी सहित ग्राम के अन्य लोग सीईओ रंजीत ताराम से मिले और विगत तीन चार साल से बगीचे की नीलामी जनपद पंचायत द्वारा नहीं किए जाने से अवगत कराया । ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत की पांच एकड़ जमीन नीलम न किए जाने से जनपद व ग्राम पंचायत को लाखों की राजस्व हानि हो रही है । जिस पर सीईओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया ।

# धूमधाम से मना खेल दिवस, छात्राओं ने खेलों में दिखाया जज्बा

**सीहोर ■ निसं**

शासकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह अवसर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कालिका डोलस एवं खेल अधिकारी रवि बिरहा द्वारा मेजर ध्यानचंद की छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान उपस्थित सभी स्टाफ और छात्राओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

खेल अधिकारी रवि बिरहा ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने अद्भुत खेल कौशल से न केवल भारत को विश्व में पहचान दिलाई, बल्कि हॉकी को एक नई ऊँचाई तक पहुँचाया। उन्होंने बताया कि ध्यानचंद को उनके खेल की अद्भुत प्रतिभा के कारण ही हॉकी का जादूगर कहा जाता है। इसी क्रम में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक रिछारिया सर ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



इसके बाद खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। सबसे पहले छात्राओं के लिए मनोरंजन खेल खेल बिगाड़े प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पाँच-पाँच सदस्यों की पाँच टीमों ने भाग लिया। इसमें नैंसी व उनकी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वंदना व उनकी टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त कप कलेक्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही बैडमिंटन सिंगल्स प्रतियोगिता हुई, जिसमें हर्षिता प्रथम और उपयोगिता आशी द्वितीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और जोश से भरा रहा। छात्राओं ने खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया और पूरे कॉलेज में खेल दिवस की धूम दिखाई दी। महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार 30 अगस्त को भी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसमें छात्राओं के लिए कप कलेक्शन, रस्साकशी तथा स्टाफ के लिए पुरुष एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता रखी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नर्मदा नहाने गये प्रताप जाट की मौत, दूसरे दिन चौका घाट से निकाला

**माखननगर।** नगर की भगवान कालोनी निवासी प्रताप सिंह जाट 35 बुधवार की दोपहर नहाने का बोलकर



बाईक से नर्मदा नदी के लिए निकला था परन्तु घर वापस नहीं लौटा तब आवास कालोनी निवासी उसके मामा इन्द्रपाल सिंह जाट ( छोटू ) ने पुलिस थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई ।और तलाश शुरू की तब ढाना नादनेर पुल के पास बाईक तो मिल गई परन्तु युवक नहीं मिला ग्रामीणों से मिली जानकारी पर पुलिस ने होमगार्ड टीम के साथ नर्मदा नदी में तलाश शुरू की तब दूसरे दिन गुरुवार की शाम चौंका घाट से टीम ने प्रताप को मृत अवस्था मैं निकाला ।पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया । जिसका परिजनों ने अंतिम संस्कार किया ।

### दूरस्थ ग्राम रोशनी में आज मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा

**खण्डवा।** संभाग आयुक्त इन्दौर संभाग के निर्देश अनुसार दूरस्थ क्षेत्र में स्थित गांवों में मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में पहला स्वास्थ्य शिविर जिले के खालवा विकाखण्ड के ग्राम रोशनी में 30 अगस्त को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित होगा।कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पैथालॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी नि :शुल्क उपलब्ध होगी और दवाईयों का भी नि :शुल्क वितरण किया जायेगा।

### खंडवा जिले के पंधाना ब्लॉक के ग्राम खरखड़ी में

# बारिश-आंधी के बीच गणेश पंडाल पर गिरी बिजली, एक की मौत, तीन लोग घायल

**खंडवा ■ निसं**

खंडवा जिले के पंधाना ब्लॉक के ग्राम खरखड़ी में गणेश पंडाल पर बिजली गिरने से 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि तीन किशोर घायल हुए। घायलों का इलाज सीएचसी पंधाना में जारी है। हादसा तेज बारिश और आंधी के बीच हुआ, जिससे क्षेत्र की फसलें भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। खंडवा जिले के ग्रामीण अंचल में बीती रात हुए दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में तीन और युवक घायल हो गए, जिनका इलाज कराया जा रहा है। दरअसल तेज बारिश और हवा-आंधी के बीच एक गणेश पंडाल पर अचानक बिजली गिर गई थी। इसकी चपेट में आने से पंडाल में मौजूद ग्रामीण हादसे का शिकार हो गए। यही नहीं, इस बारिश और हवा आंधी से क्षेत्र के किसानों की फसलें भी तबाह हो गईं।

खंडवा में बीती रात आंधी के साथ ही भारी बारिश से जनहानि के साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। यहां बिजली गिरने से 17 वर्षीय किशोर की मौत के साथ ही तीन युवक घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज फिलहाल अस्पताल में किया जा रहा है। दरअसल घटना खंडवा जिले के पंधाना ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम खरखड़ी की बताई जा रही है। जहां गुरुवार देर रात को गांव के गणेश पंडाल में कुछ भक्त मौजूद थे। तभी तेज बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते यहां मौसम आंधी और बिजली की कड़कड़ाहट और बादलों की गड़गड़ाहट में बदल गया। इस दौरान अचानक बिजली गणेश पंडाल पर ही गिर गई। इससे यहां मौजूद एक युवक सुरेश पिता रूप सिंह बासरे निवासी खरखड़ी उसकी चपेट में आ गया और उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।



मृतक के साथ तीन और युवक और भी पंडाल में मौजूद थे, जिनमें बादल पिता मुन्ना (15), बिसेन पिता चमन (16) और बिसेन पिता कैलाश (18, सभी निवासी खरखड़ी भी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पंधाना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर घायल युवक बिशन ने बताया कि गुरुवार रात को गणेशजी की आरती करने के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए थे। फिर एक दम से मौसम बदला तो हम गणेश पंडाल को ढांकने के लिए वहां पहुंचे। इस दौरान अचानक से बिजली गिरी और हम अचेत हो गए। अस्पताल में हमें होश आया। इस मामले में पुलिस ने मृतक का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मृग कायम कर जांच की जा रही है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



**सिवनी मालवा ■ निसं**

राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल राठौर द्वारा हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेल दिवस पर कक्षा नौवीं की छात्रा अनुष्का मांडवी एवं कक्षा 12वीं के छात्र आशुतोष योगी द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया एवं इसी कड़ी में कक्षा नौवीं की छात्राओं वेदिका गौर एवं पूर्वा धुर्वे के द्वारा खेल प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की गई।

योग प्रशिक्षक गुरुशरण मालवीय के मार्गदर्शन में कक्षा नौवीं के छात्रों द्वारा योग की शानदार प्रस्तुति दी गई एवं खेल प्रशिक्षक श्री सरदार सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में खेल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। श्री मोहनलाल राठौर के द्वारा विद्यार्थियों को खेलों में अपनी रुचि दिखाने और खेलों में प्रतिभागिता करके अपना शानदार प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी गई।

राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में प्रतिभागिता करने पर छात्रा अनुष्का मांडवी को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अलका बाजपेयी, पीजीटी (अंग्रेजी), श्रीमती शिम्पी गुप्ता, पीजीटी (हिंदी) एवं श्री रोहित ठाकुर, पीजीटी (वाणिज्य) सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# शासकीय नवीन बालक प्राथमिक शाला प्रबंधन चुनाव सम्पन्न, ज्योति कहार अध्यक्ष, शेखर ऊईके उपाध्यक्ष बने

**सिवनी मालवा ■ निसं**

शासकीय नवीन बालक प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधन समिति के पर्यवेक्षक एवं जनप्रतिनिधि पालकों की उपस्तिथि में चुनाव सम्पन्न किए गए। उक्त जानकारी देते हुए शासकीय बालक प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सरोज दुबे ने बताया कि शाला परिवार में जनभागीदारी हो इसी को लेकर शाला प्रबन्ध समिति में चुनाव किए जाते हे।

इस वर्ष नए सत्र कार्यकाल हेतु आज शासकीय बालक प्राथमिक शाला में प्रबन्धन समिति के चुनाव अवसर पर उपस्थित अतिथियों में पार्षद डा किरण राठौर विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर चुनाव पर्यवेक्षक शिक्षक शेख रहीश कुरैशी प्रधान पाठक सरोज दुबे शाला शिक्षक रशीद खान मंसूरी पूर्व अध्यक्ष राधाबाई इरपंचे आदि ने मां सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना कर शुभारंभ कर चुनाव प्रक्रिया को सभी पालकों की सहभागिता में शाला परिवार के अध्यक्ष पद पर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति कहार उपाध्यक्ष शेखर यूईके को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर पार्षद डॉ.किरण राठौर ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को कराने पर शाला परिवार का आभार व्यक्त करते हुए नवीन पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं दी। राठौर ने कहा कि शाला परिवार में पालकों की जनभागीदारी हो यही इस चुनाव का लक्ष्य हे हम सब मिलकर शाला परिवार शिक्षा के मंदिर को बेहतर बनाए इसमें हम सभी लगना होगा ।




शाला प्रधान पाठक सरोज दुबे ने कहा कि शासकीय विद्यालय में शासन द्वारा छात्र छात्राओं को सभी नि:शुल्क पुस्तक कापी ड्रेस भोजन उपलब्ध कराया जाता हे वहीं शिक्षा में हम बच्चों के भविष्य को उज्वल दिशा दे सके हम सभी यह प्रयास होता इस वर्ष शाला परिवार के प्रयासों से इस सत्र में छात्र छात्राओं की संख्या एडमिशन बढ़ाए गए। कार्यक्रम का संचालन शाला शिक्षक रशीद खान मंसूरी ने किया एवं सभी का आभार पर्यवेक्षक शेख रहीश कुरैशी ने व्यक्त किया गया। शासकीय नवीन बालक प्राथमिक शाला प्रबंधन चुनाव कार्यक्रम में राधाबाई इरपंचे अध्यक्ष ज्योति कहार उपाध्यक्ष शेखर यूईके पूनम प्रजापति आनंद वानखेड़े लीला वानखेड़े छ्मा प्रजापति कलावती कुसुम कोरी वसीम खान अकील शेख शेख अनवर सविता प्रजापति रत्ना प्रजापति राधेश्याम हसीना बी रहीशा बी के साथ बड़ी संख्या में पालक गण शाला शिक्षक स्थित थे।

### एस.एन. कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट सम्बंधी प्रशिक्षण सम्पन्न

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चलाए जा रहे उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की खंडवा शाखा के द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर की ट्रेनिंग प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी. सिंह ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजुल सोनी, एम.डी. मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ श्रीमाली, डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. समिता दवे सहित विभिन्न चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर्स ने विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर के महत्व के बारे में बताया। डॉक्टर्स ने विद्यार्थियों को समझाया कि जब हम अपने आसपास किसी को अचानक गिरते हुए देखते हैं, तो हमें सबसे पहले उसकी पल्स चेक करना चाहिए कि वह होश में है या नहीं?



**माखननगर।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 सिलारी कालोनी में अमरज्योति धार्मिक उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा ।

### अधिवक्ता संघ माखननगर ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश का किया स्वागत



**माखननगर।** तहसील अधिवक्ता संघ माखननगर ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया । स्वागत करने वालों में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरगोविंद चौहान, सचिव राजेन्द्र मेहरा ,सह सचिव जीवनलाल साहू ,कार्यकारिणी सदस्य मनीष मालवीय, मनोज परसाई व वरिष्ठ अधिवक्ता दीप सिंह यादव सहित अन्य अधिवक्ता सामिल रहे ।

### थाने में पहुंचकर एसडीएम के विरुद्ध एफआईआर करने के लिए मांग की थाना प्रभारी के समझाने के बाद नगर बंद करवाने की चेतावनी दी

# नरेंद्र रघुवंशी के समर्थन में लोगों ने देवेन्द्र सैनी के परिवार के साथ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**सिवनी मालवा ■ निसं**

नगर के युवाओं ने देवेंद्र सैनी के परिवार के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सरोज परिहार द्वारा नरेंद्र रघुवंशी युटुबर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के विरोध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है है कि एसडीएम के द्वारा पद का दो उपयोग करते हुए नरेंद्र रघुवंशी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई है, अपनी मांग के समर्थन में ज्ञापन में लिखा है कि पत्रकार नरेन्द्र रघुवंश द्वारा एसडीएम कार्यालय की गड़बड़ियों को उजागर करने पर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाया गया। नजूल नामांतरण प्रकरण, वार्ड 8 की अनन्ता कॉलोनी, सीरूपुरा की आदिवासी भूमि व सागौन कटाई, तथा



राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी जैसे मामलों को उजागर करने से नाराज़ होकर कार्रवाई की गई।

आरोप लगाया गया कि एसडीएम ने अपने रीडर और थाना प्रभारी पर दबाव डालकर रघुवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई ।जिसकी स्वतंत्र जांच कमेटी गठित कर सभी मामलों की जांच कराई जाए और पत्रकार के विरुद्ध दर्ज झूठे प्रकरण को निरस्त किया जाए, अन्यथा क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।थाने में पहुंचकर एसडीएम के विरुद्ध एफआईआर करने के लिए मांग की थाना प्रभारी राजेश दुबे के समझाने पर शनिवार के दिन नगर बंद करवाने की चेतावनी दी गई ।

**पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया आवेदनः** इसी दिन नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को आवेदन देकर आशंका जताई कि- पत्रकार नरेन्द्र रघुवंषी, उनके परिवार, उनके शुभचिंतकों व पीड़ित देवेन्द्र सैनी के परिवार के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती है।

आवेदन में कहा गया कि पूर्व में भी सिवनी मालवा में पत्रकारों के साथ अनहोनी हो चुकी है, इसलिए यह खतरा और अधिक गंभीर है।

यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी एसडीएम सरोज परिहार और उनके बाबुओं की होगी। चेतावनी देते हुए मांग की गई है कि निवेदकों ने कहा है कि यदि शीघ्र ही उच्च स्तरीय जांच और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की जनता अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# शंकराचार्य धाम कालोनी जेल रोड में भव्य गणेश जी की सजी झॉकी



**भोपाल।** शंकराचार्य धाम कालोनी जेल रोड मे एक भव्य गणेश जी झॉकी का आयोजन किया गया है जिसमे गणेशजी शंकर भगवान का अभिषेक कर रहे हे इसका आयोजन उत्सव समिति के अध्यक्ष के.के. मिश्रा के निर्देशन में किया जा रहा है रोज आरती एवं पूजन किया जा रहा है जिसके कालोनी के सभी महिलाए एवं पुरुष एवे . बच्चे उपस्थित रहते समिति के दिनेश भट्ट, सुमित मालवीय ,मुकेश यादव , सुभाष मिथुन चक्रवती, जगदीश अहिरवार अकिंत सोनी उपस्थित थे।



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग के द्वारा बी.एससी. नर्सिंग बैच 2024 के छात्र छात्रों का दीप प्रज्वलन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया !कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.रोली मिश्रा रहीं , और बीएससी. नर्सिंग छात्रों को भविष्य के लिए दिशानिर्देश दिए गए या लैंपलाइट या शपथ ग्रहण समारोह के महत्व को बताया गया, कार्यक्रम , डीन ( नर्सिंग संकाय) प्रो. सी.गोमती के दवारा बीएससी नर्सिंग छात्रों को शपथ दिलाई , कुलपति डॉ दिलीप कुमार डे , प्रति कुलगुरु डॉ. नवीन अग्रवाल एवं डॉ. भारती सातनकर , डॉ. श्याम पाटकार, रजिस्टर की उपस्थिति में कार्यकर्म पूर्ण किया वा प्रो. वीरेंद्र सिसौदिया के दवारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# भोपाल रेल मंडल के आरपीएफ द्वारा मिशन आक्टोपस की शुरूआत

**भोपाल ■ निसं**

रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा मिशन ऑक्टोपस शुरू किया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों अथवा रेलवे परिसर में घटित होने वाले अपराध जैसे पत्थरबाजी, मोबाइल चोरी, अनाधिकृत हॉकिंग/वेंडिंग, अनाधिकृत चैन पुलिंग, अन्य यात्री विषयक अपराध, ट्रेस पासिंग इत्यादि को प्रभावी ढंग से रोकना है। जुलाई 2025 और अगस्त 2025 के बीच रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा अनाधिकृत हॉकिंग/वेंडिंग के तहत 1742 वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही साथ 83 बच्चों को उचित माध्यम से अपने परिजनों को सुपुर्द किया। रेल परिसर में अनाधिकृत प्रवेश करने वालों पर भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए 370 लोगों पर कार्रवाई की गई। अलार्म चेन पुलिंग करने वाले 1004 लोगों पर कार्रवाई हुई है तथा चोरी, पत्थरबाजी एवं महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ भी रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 19 मामलो में कार्रवाई की गई है। नारकोटिक्स की तस्करी रोकने के लिए भी रेलवे सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा कस्टम विभाग से समन्वय करते हुए 02 बड़े केस पकड़े गए हैं जिसमें भोपाल पोस्ट द्वारा 24.18 किग्रा. हाइड्रोपोनिक गांजा जिसकी कीमत 24.18 करोड़ रूपये आंकी गई है तथा रानी कमलापति पोस्ट द्वारा 5.50 किग्रा. गांजा जिसकी कीमत 1.20 लाख रूपये आंकी गई है।

यह मिशन पश्चिम मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक के निर्देशन में चलाया जा रहा है जिस प्रकार ऑक्टोपस के कई पैर होते हैं। इस मिशन का भी नाम यही देखते हुए रखा गया है क्योंकि यह ट्रेनों एवं रेल परिसर में होने वाले अनेक अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक साथ टारगेट करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### संविदा अधिकारी कर्मचारियों को मिलेगा ग्रेजुएटी का लाभ

**भोपाल।** प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी कर्मचारियों को भी अब सेवानिवृत या मृत्यु होने पर ग्रेजुएटी का लाभ शासकीय कर्मचारी के अनुसार ही मिलेगा। यह सुविधा 1 सितंबर से लागू की गई है पहले संविदा अधिकारी कर्मचारियों को ग्रेजुएटी का लाभ नहीं मिलता था। मप्र कर्मचारी मप्र अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी कर्मचारी को सरकारी कर्मचारियों के समान ही उपादान एक्ट 1972 के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने का निर्णय लेकर कर्मचारी हित में काम किया है। कर्मचारी मंच की मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा अधिकारी कर्मचारियों के समान ही शासन के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों में कार्यरत लाखों संविदा अधिकारी कर्मचारियों को ग्रेजुएटी, उपादान का लाभ उपादान अधिनियम 1972 के तहत देने का आदेश जारी करें।

### 7-8 सितंबर को साल का दूसरा चंद्र ग्रहण

**भोपाल ।** साल का दूसरा चंद्र ग्रहण 7-8 सितंबर मध्य रात्रि को होगा। ये इस साल का पहला और आखरी ग्रहण होगा जो भारत में दिखाई देगा। इसके बाद 21 और 22 सितंबर 2025 को सूर्य ग्रहण होगा, लेकिन वो भारत में नहीं देखा जा सकेगा। जानकारों ने बताया कि दिनांक 7-8 सितंबर 2025 को पूर्ण चन्द्र ग्रहण की खगोलीय घटना हो रही है। भारतीय समय के अनुसार पूर्ण चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 7 सितंबर 2025 को रात्रि 09-56-08 बजे से शुरू होगा। मध्य की स्थिति मध्यरात्रि 11-41-08 बजे पर होगी। इस समय चन्द्रमा का 136.8 प्रतिशत भाग पृथ्वी की छाया से ढका हुआ दृष्टिगोचर होगा अर्थात् पूर्ण चन्द्र ग्रहण की स्थिति दृष्टिगोचर होगी। ग्रहण के मोक्ष की स्थिति दिनांक 8 सितंबर 2025 को रात्रि 01-26-08 बजे पर होगी। यह ग्रहण भारत में पुराण रूप से दिखाई देगा। यह पूर्ण चन्द्र ग्रहण अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर व यूरोप में भी दिखेगा। चन्द्र ग्रहण की स्थिति में पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा के मध्य में होती है तथा पूर्ण ग्रहण की स्थिति में पृथ्वी की छाया से चन्द्रमा का पूर्ण भाग ढकता है। इसीलिए इसे पूर्ण चन्द्र ग्रहण कहते हैं।

### भोपाल में कीचड़ भरे रास्ते से निकली शवयात्रा

**भोपाल।** भोपाल के कोहड़ी में शुक्रवार को एक शवयात्रा कीचड़ में से निकली। यह इलाका होशंगाबाद रोड स्थित मिसरोद के पीछे है। शवयात्रा में शामिल ग्राम चोपड़ाकलां के एक व्यक्ति रामस्वरुप अहिरवार ने इसका वीडियो बनाया है। रामस्वरुप ने बताया कि कोहड़ी में उनके मेरे जीजाजी लक्ष्मण सिंह के बड़े भाई कनीराम (65) का निधन हो गया। शुक्रवार सुबह गांव में उनकी अंतिम यात्रा निकली था। घर से श्मशान तक जाने वाला रास्ता काफी खराब है। धान के खेत और पगड़ंडी से होकर गुजरकर श्मशान तक जाना पड़ा। इस दौरान लोगों को भी परेशानी हुई। दूसरी ओर, श्मशान तक जाने का मुख्य रास्ता दूसरा है। श्मशान बुजुर्ग कनीराम के घर के पास होने की वजह से इस रास्ते का उपयोग किया गया।

## 65 एकड़ में 40 बिल्डिंग-30 दुकानों का कब्जा निकला

# भोपाल में सरकारी जमीन पर बने पेट्रोल पंप-स्कूल, 2 दिन में रिपोर्ट होगी तैयार

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के अनंतपुरा कोकता में पशुपालन विभाग की 65 एकड़ जमीन का तीसरे दिन शुक्रवार को सीमांकन पूरा हो गया। सूत्रों के मुताबिक, 65 एकड़ में करीब 40 बिल्डिंग, प्लाट, 30 दुकानें, एक पेट्रोल पंप, एक स्कूल समेत दो-तीन कॉलोनियों के भी कब्जे मिले हैं। अगले 2 दिन में पटवारी विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके बाद यह कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को दिखाई जाएगी।

डायमंड सिटी समेत आसपास की जुड़ी हुई कॉलोनियों में कब्जा सामने आया है। सबसे ज्यादा कब्जा डायमंड सिटी में मिला है। यहीं पर ज्यादातर घर हैं। वहीं, जिस स्कूल का कब्जा होना सामने आया है, उसमें मछली परिवार का भी दखल बताया जा रहा है। हालांकि, विस्तृत रिपोर्ट में ही सबकुछ साफ होगा, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट में ही बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर कब्जा सामने आ गया है। शुक्रवार को गोविंदपुरा एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव और तहसीलदार सौरभ वर्मा मौके पर भी पहुंचे। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन तक सीमांकन किया गया है। अब रिपोर्ट तैयार



की जा रही है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी।

**अब यह करेगा प्रशासन:** अगले 2 दिन तक 3 राजस्व निरीक्षक और 11 पटवारी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। किस रकबे में किसका और कितना कब्जा है? ये रिपोर्ट में बताया जाएगा। यह रिपोर्ट एसडीएम श्रीवास्तव के पास पहुंचेंगी। फिर सोमवार को कलेक्टर सिंह के सामने रखी जाएगी। इसके बाद चिंह्नित कब्जाधारियों को पशुपालन विभाग से नोटिस भेजे जाएंगे। यदि कब्जाधारी जमीन खाली नहीं करते हैं तो प्रशासन तोड़ने की कार्रवाई करेगा।

### नगर निगम की दुकानें भी जद में आने की संभावना

जिस जगह पर पशुपालन विभाग की जमीन का सीमांकन किया गया, ठीक उससे लगा नगर निगम का हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट भी है। वहीं, निगम की दुकानें भी हैं। दुकानों का कुछ हिस्सा पशुपालन विभाग की जमीन पर ही आने की बात सामने आई है। बता दें कि नगर निगम ने तीन साल पहले यहां जी प्लस 2 मार्केट बनाया है। यह दुकानें बेची भी जा चुकी हैं। पेट्रोल पंप भी संचालन के लिए निजी एजेंसी को दिया गया है।

### अब तक इनका कब्जा सामने आया

- डायमंड सिटी समेत आसपास के इलाके में 40 मकान, कोटियार्ड का गेट, कई खेत।
- कॉलोनियों के गेट भी कब्जे में पाए गए हैं।
- एक पेट्रोल पंप और 30 दुकानें भी जद में आ रही है।
- एक प्राइवेट स्कूल भी सरकारी जमीन पर होना सामने आ रहा है। यह तीन मंजिला स्कूल है। इसी में मछली परिवार के दखल की पड़ताल जिला प्रशासन कर रहा है।

## सेवासदन ने लगाया ऑखो के नि:शुल्क इलाज के लिए केम्प

# 98 मरीजों का उपचार किया, 42 की आंखों का होगा आपरेशन



**भोपाल ■ निसं**

करोंद चौराहे पर सेवासदन बेरागढ़ के द्वारा एक ऑखो का इलाज का केम्प का आयोजन किया गया जिसका आयोजन के. के. कन्ट्रकस्कन कम्पनी द्वारा किया गया कम्पनी के मालीक के. के. मिश्रा द्वारा किया गया शिविर मे ऑखो का चैकअप जाँच और आपरेशन दवाई एवं नास्ता भोजन नि:शुल्क है 42 मरीजो को आपरेशन के लिये नि:शुल्क परिवहन द्वारा बेरागढ़ सेवासदन में भिजवाया गया जिनका कल आपरेशन किया जावेगा लगभग 98 मरीजो का उपचार किया गया शिविर का उदघाटन वार्ड-75 की पार्षद रीता विश्वकर्मा द्वारा किया गया सेवासदन के मनोज धावडीया द्वारा बताया गया हमारे यहाँ आँखो का इलाज एवं आपरेशन के साथ साथ रहने खाने की रुकने की एवं दवाई नि:शुल्क दी जाती है ।गरीबो असहायों के आपरेशन नि:शुल्क किये जाते। इस अवसर पर वार्ड पार्षद, शंकराचार्य कालोनी के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, महादेव वाडेकर क्षेत्र की आशाए बड़ी संख्या मे मोजूद थी।

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान रक्तदान

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल एलएन मेडिकल कॉलेज के जे के हास्पिटल में एक पिंट रक्त की कीमत एक गैलन सोने से भी ज़्यादा होती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए, 12 एमपी एनसीसी बटालियन, भोपाल द्वारा अपने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। यह जेके अस्पताल और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। वरिष्ठ बालक और बालिका कैडेटों ने बड़े उत्साह से भाग लेकर सेवा की भावना को बढ़ावा दिया।

12 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन भंवर ने इस सामाजिक सेवा कार्य की सराहना की और रक्तदाता कैडेटों को डोनर कार्ड, प्रमाण पत्र, रक्तदाता बैज, उपहार और




उच्च पौष्टिक जलपान प्रदान करके सम्मानित किया।

बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी मेजर नवनीत गुरुंग, एनसीसी अधिकारी कैप्टन पीयूष नेमा और अन्य सहयोगी कर्मचारियों ने कैडेटों को इस गतिविधि के लिए प्रोत्साहित किया।

### भोपाल में एअर इंडिया एक्सप्रेस-इंडिगो शुरू करेंगे नई उड़ानें

**भोपाल।** मानसून के कारण दो महीने पहले बंद हुई उड़ानें फिर से शुरू होंगी। इंडिगो ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को इसकी सहमति दे दी है। माना जा रहा है कि दिल्ली, बेंगलुरू तक अतिरिक्त उड़ान फिर से शुरू होगी। रायपुर उड़ान जल्द ही प्रतिदिन संचालित होगी। उड़ानें बढने से किराये में भी कमी हो सकती है। मानसून के दौरान यात्रियों की संख्या कम होने के कारण एयरलाइंस कंपनियां उड़ानों को री-शेड्यूल कर देती हैं। जहां अधिक यात्री मिलते हैं वहां अतिरिक्त उड़ानें संचालित की जाती हैं। इस बार भी दो माह पहले भोपाल से दिल्ली, बेंगलुरू तक उड़ानें कम हो गई थीं। रायपुर उड़ान को सप्ताह में सात दिन से कम कर तीन दिन कर दिया गया था। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि 21 सितंबर से दिल्ली की दोपहर की उड़ान फिर से शुरू हो जाएगी।

## रविंद्र भवन में होगी कृष्णायन की भव्य प्रस्तुति

# मप्र से जुड़े प्रसंगों से होंगे अवगत

**भोपाल ■ निसं**

करूणाधाम आश्रम और नव प्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 31 अगस्त को रविंद्र भवन में कृष्णायन की प्रस्तुति होगी। हंसध्वनि सभागृह में संध्या 6-30 बजे से कृष्णायन एक संगीतमय महागाथा में सुनो वो, जो कभी कहा नहीं गया की प्रस्तुति होगी। आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज ने बताया कि राधाअष्टमी के पावन अवसर पर श्री कृष्ण और मध्यप्रदेश से जुड़ी संपूर्ण कथा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित दृश्यों के साथ मध्यप्रदेश से जुड़े अनकहे प्रसंगों और भावनात्मक संगीत से सजी एक प्रस्तुति होगी। मनसाधक मोहित शेवानी और लेखक प्रबुद्ध सौरभ की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

समिति के संरक्षक और विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने बताया कि निमंत्रण पत्र ही कार्यक्रम में प्रवेश पास के रूप में मान्य होगा। निःशुल्क प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिये करूणधाम आश्रम, नेहरू नगर या ई-45, 45 बंगला, बाणगंगा चौराहा से संपर्क किया जा सकता है।

## बाघ और अब चीतों के बीच फंसा मोहली गांव

# विस्थापन रुका, खतरे में 8 हजार जिंदगियां

**भोपाल ■ निसं**

मप्र के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में करीब 8 हजार आबादी वाली ग्राम पंचायत मोहली के बंटी यादव 4 महीने पहले विस्थापन की औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। लेकिन अब तक गांव में विस्थापन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि बाघों की आबादी बढ़ रही है, हम अब सुरक्षित नहीं हैं। डर के मारे ना खेती कर पाते हैं, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव हैं। हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि यहां से निकलकर सुरक्षित जगह पहुंच जाएं। गांव की करीब 80 फीसदी आबादी को विस्थापन में मिलने वाले मुआवजे का इंतजार लंबा हो रहा है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का कहना है कि, विस्थापन स्वैच्छिक होता है और जब तक ग्रामसभा की सहमति नहीं मिलेगी, तब तक हम विस्थापन प्रक्रिया शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में सवाल



उठ रहा है कि लगातार बाघों की आबादी बढने के अलावा अफ्रीकन चीते भी यहां आने वाले हैं। अगर समय पर विस्थापन नहीं हुआ, तो वन्यप्राणी और इंसान दोनों असुरक्षित होंगे।

**मोहली का विस्थापन बड़ी समस्या:** नौरादेही टाइगर रिजर्व में विस्थापन की प्रक्रिया 2014 से चल रही है। हालांकि 2018 में इलाके को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण परियोजना में शामिल किया गया था और 2023 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। लेकिन 2010 में यहां अफ्रीकन चीतों को बसाने के लिए सर्वेक्षण हुआ था और तभी तय कर लिया गया था कि पहले यहां विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की जाए। उसी समय नौरादेही वाइल्ड लाइफ सेंचुरी हुआ करती थी और यहां पर बाघों की संख्या शून्य थी। लेकिन भविष्य में बाघ और चीता बसाने के लिहाज से यहां 2014 में विस्थापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। तब से लेकर अब तक कई छोटे गांव विस्थापित हो चुके हैं। लेकिन मोहली एक ऐसा गांव है, जिसकी आबादी करीब 8 हजार है और इस गांव का विस्थापन काफी जरूरी है। यहां के 80 से 90 फीसदी लोग विस्थापन की औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। लेकिन ग्राम सभा द्वारा सहमति नहीं दिए जाने के कारण विस्थापन शुरू नहीं हो पा रहा है।

### क्या कहते हैं विस्थापित लोग

टाइगर रिजर्व के मोहली गांव के 80 फीसदी लोग विस्थापन की औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। लेकिन ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित ना होने के कारण ये स्थिति बनी है। मोहली के रामा यादव बताते हैं कि जंगली जानवरों से परेशान हैं। विस्थापन मंजूर हो चुका है, लेकिन मुआवजा कम मिल रहा है। अभी 15 लाख रूपए मिल रहे हैं और हम 35 से 30 लाख चाहते हैं। दूसरी तरफ हमारी खेती की जमीन का कोई भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। पति पत्नी को एक यूनिट में गिना जा रहा है। इसलिए हम अभी नहीं जाना चाहते हैं। बंटी यादव कहते हैं कि यहां जानवरों का आतंक है। फसलें भी सुरक्षित नहीं रह पा रही हैं। बेरोजगारी, बिजली और पानी की समस्या है। जानवरों के डर से हम लोग खेत भी नहीं जा पाते हैं। पिछले साल मेरे पिताजी पर हमला कर दिया था। यहां पर बाघों की आवाज आती रहती है। चार महीने खाता खुले हो चुके हैं, सरपंच प्रस्ताव नहीं दे रहे हैं, तो अभी पैसा नहीं मिला है। हम लोग विस्थापन चाहते हैं कि सुरक्षित जगह पर पहुंच जाएं। यहां पर हम लोग सुरक्षित नहीं हैं।

## रायसेन में कचरा वाहन में मिली नवजात बच्ची

# कर्मचारी ने रोने की आवाज सुनी तो गाड़ी रोकी; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**भोपाल ■ निसं**

रायसेन जिले के बरेली में कचरा वाहन में नवजात मिली है। शुक्रवार सुबह वाहन के हेल्पर को गाड़ी के अंदर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने ड्राइवर को बताया। गाड़ी रोककर देखा तो कचरे के बीच बच्ची दिखी। नवजात को बरेली सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल बच्ची की सेहत स्थिर है।

बरेली थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने कहा कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बच्ची को वाहन में किसने और कब डाला? उसके परिजन कौन हैं? डिलीवरी किसने-कहां कराई? कचरा वाहन के रूट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**एनजीओ के सदस्य लेकर पहुंचे अस्पताल:** कचरा वाहन के ड्राइवर इरशाद ने बताया- हम वार्ड नंबर 13-14 से गुजर रहे थे। मेरे हेल्पर रवि ने कहा कि भैया गाड़ी में से बच्चे के रोने की आवाज आ रही है। जब हमने उतरकर देखा तो उसमें बच्ची मिली। मैंने अपने प्रभारी को फोन लगाया। इतनी देर में पार्षद बीएन धाकड़ भी आ गए थे। मौके पर मौजूद किसी शख्स ने एनजीओ पहल को फोन लगा दिया।

### बच्ची को हायपोथर्मिया, एक्सपर्ट कर रहे निगरानी

बरेली सिविल अस्पताल के डॉ. हेमंत यादव ने बताया- सुबह करीब 8 बजे कुछ लोग बच्ची को अस्पताल लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उन्हें ये बच्ची कचरा गाड़ी में मिली है। हमने अस्पताल में उसे एक्जामिन किया। बच्ची का वजन 2.5 किलो है। वह अभी होश में है, रो रही है। बच्ची हायपोथर्मिया से पीड़ित है क्योंकि वह काफी समय तक गीले कचरे में रही है। कचरा गाड़ी के चलने की वजह से उसे कुछ मामूली खरोंचें आई हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ उसकी निगरानी कर रहे हैं। हाइपोथर्मिया को शरीर के तापमान का खतरनाक रूप से कम होना भी कहा जाता है। यह तब होता है, जब शरीर का तापमान 35डिग्री से नीचे चला जाता है। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें शरीर गर्मी पैदा करने की तुलना में तेजी से गर्मी खो देता है।

## अनमोल वचन

विचारशील व्यक्ति को हर जगह सम्मान मिलता है–
**सोफोक्लेस**

तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
**अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड**

## सम्पादकीय

# सेलिब्रिटीज, सामाजिक और नैतिक जवाबदारी को समझें

आज के दौर में जब समाज तेज़ी से बदल रहा है। तब नेतृत्व करने वाले सेलिब्रिटीज की भूमिका केवल दिशा दिखाने तक सीमित नहीं रह सकती है। उन्हें समझना होगा, उनके शब्द, व्यवहार, आचरण और निर्णय का आम लोगों पर गहरा असर होता है। सेलिब्रिटीज चाहे राजनीतिक नेता हो, धार्मिक गुरु हो, प्रोफेसर हो या वैज्ञानिक हो या फिल्मी और खेल जगत की हस्तियां हों। सभी की लोकप्रियता आम लोगों पर गहरा प्रभाव डालती हैं। आम जनता उनका अनुसरण करती है। ऐसे में उनकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी कई गुना अधिक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ती है। उसी के साथ उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ती चली जाती है। आज के दौर में मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से नेताओं और सेलिब्रिटीज़ का प्रभाव करोड़ों लोगों तक स्थाई रूप से पहुंचता है। यह लंबे समय तक समाज में बना रहता है। सेलिब्रिटीज यदि किसी विचारधारा जाति धर्म संप्रदाय किसी उत्पाद, अनुचित आचरण का प्रचार करते हैं। उनका यह आचरण समाज को एकजुट करने का नहीं होता है। उनके आचरण में यदि वास्तविकता नहीं होती है। तो उसका असर समाज की सोच और जीवनशैली पर पड़ता है। उदाहरण के तौर पर, विज्ञापनों में तंबाकू, शराब या जंक फूड गेम्स जिनमें जुये की तरह पैसा लगाया जा रहा था। गेम्स के माध्यम से लोगों को मोबाइल के नशे से बांधा जा रहा है। इस तरह के उत्पाद सामाजिक उन्मुक्तता, नैतिकता के स्थान पर अनैतिक तरीके से पैसे कमाने को बढ़ावा देना, समाज को गलत दिशा में ले जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में हजारों लोगों ने आत्महत्या कर ली। शेयर बाजार और गेम्स में फंसकर परिवार सहित आत्महत्या करने लगे। इसी तरह राजनीतिक और धार्मिक नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान समाज में विभाजन और तनाव को जन्म दे रहे हैं। जिसके कारण सामाजिक अशांति तेजी के साथ बढ़ रही है। धार्मिक और जाति आधार पर जो वेमनष्यता बढ़ रही है। अब उसका असर घर-घर तक पहुंचने लगा है। पति-पत्नी, मां-बेटे, भाई-बहन एवं सामाजिक स्तर पर जिस तरह की हिंसक प्रवत्ति दिख रही है। वह बहुत बड़ी चिंता का कारण बन रहा है। राजनीतिक सामाजिक एवं किसी भी तरह के नेतृत्व की सबसे बड़ी कसौटी यही है। व्यक्ति अपने व्यक्तिगत लाभ के साथ-साथ परिवार एवं समाज के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मे रखे। नेतृत्वशीलता केवल अपने हित साधन में रहेगी, तो उनकी विश्वसनीयता और नैतिक बल दोनों ही कमजोर हो जाते हैं। कुछ समय के लिए जरूर फायदा हो जाता है। जब स्थितियां सामने आती हैं, तब उन्हें दीर्घकालीन नुकसान ही होता है। आम जनता जिनके ऊपर अघाध विश्वास करती थी, फिर वह कभी उन पर विश्वास नहीं कर पाती है। ईमानदारी, संयम और दूरदृष्टि के साथ नैतिकता के साथ सेलेब्रिटी अपना दायित्व पूरा करते हैं। वह न केवल समाज बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित कर, परिवार एवं समाज के बीच यश के साथ बने रहते हैं। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में यह और भी जरूरी है। जनता का मार्गदर्शन करने वाले लोग अपनी जिम्मेदारियों को समझें। उनकी हर गतिविधि से समाज सीखता है। अगर वे संतुलित, सच्चे और जनहितकारी फैसले लेंगे, तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र को मजबूती मिलेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में कहा जाता है नेतृत्व करने वाले को इसका 25 फ़ीसदी पुण्य मिलता है, यदि गलत दिशा में ले जाता है, तो 25 फ़ीसदी पाप कर्म का बंध बनता है। भगवान राम के अनुष्ठान में पुरोहित के रूप में रावण ने यज्ञ पूरा कराया था। उस समय राम और रावण के मन में एक पल के लिए भी यह भाव नहीं आया। वह अपने कर्तव्यों से हट जाएं। इसलिए आवश्यक है, नेतृत्व करने वाले लोग अपने प्रभाव और लोकप्रियता की शक्ति को पहचानें। उसका सही दिशा में उपयोग करें। कुल, परिवार, सामाजिक,नैतिक एवं आध्यात्मिक जवाबदेही का पालन करते हुए सच्चा नेतृत्व करें। जनता का विश्वास और सम्मान वही नेता लंबे समय तक पा सकता है। जो स्वयं को मानव समाज के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदार मानकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करता है। हजारों लाखों वर्षों का इतिहास गवाह है। यहां कबीर जैसे संतो की पहचान कई पीढियों तक पीढ़ी दर पीढ़ी देखने को मिलती है। आज हमारे पास कबीर नहीं है। लेकिन कबीर पर सारी दुनिया में हजारों पीएचडी हुई हैं। भारत में ही ऐसे हजारों सेलिब्रिटीज पूर्व में रह चुके हैं जो जिंदा रहते हुए। उतने लोकप्रिय नहीं हुए थे, जो मरने के बाद हुए। अब उनकी गाथाएं एक पीढ़ी से आने वाली पीढ़ी तक पहुंच रही हैं।

## चिंतन-मनन

### दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें।

कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो। चाहो तो आपस में कागज बदल लो। जब तय कर लो कि अपनी समस्या के बदले कौन सी समस्या लोगे तो मेरे पास आ जाना।

लोगों ने जब अपने पास कागज पर लिखी समस्या पढी तो वे घबरा गए। लोग एक दूसरे से कागज बदल-बदल कर पढ़ रहे थे। हर बार उन्हें लगता कि उनकी समस्या तो जैसी है वैसी है, पर इस नई समस्या का सामना नहीं कर पाएंगे। कुछ देर में हर किसी को समझ आ गया कि उनकी समस्या जैसी भी है उनके अपने जीवन का हिस्सा है और वे उसी का सामना कर सकते हैं। एक-एक कर के लोग चुपचाप वहाँ से चले गये।

# मध्यप्रदेश के कण-कण में हैं सौंदर्य



डॉ. मोहन यादव

भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अप्रतिम सौंदर्य से समृद्ध प्रदेश है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक सम्मोहित करने वाला राज्य है। इसके कण-कण में सौंदर्य है। जो एक बार आता है यहां की स्मृतियों के सम्मोहन में बंधकर बार-बार आता है। मध्यप्रदेश में हर आयु के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है। पर्यटन के संबंध में दशकों पहले की अवधारणाएं अब समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन ने अब उद्योग का रूप ले लिया है। हमारी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों से पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन सर्वाधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सैक्टर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है।

मध्यप्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है। हमारे पर्यटन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह अत्यंत समृद्ध और विविधता से सम्पन्न है। साथ ही जिम्मेदार और सुरक्षित भी। प्रदेश में पर्यटन की नई-नई शाखाएं उभरी हैं। प्राकृतिक पर्यटन हो या सांस्कृतिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन हो या वन्यजीव पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन हो या रोमांचकारी पर्यटन, कृषि पर्यटन हो या फिल्म पर्यटन या नया उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन। इन सभी नये स्वरूपों के साथ मध्यप्रदेश की पहचान बहु आयामी पर्यटन प्रदेश के रूप में हो रही है।

प्रदेश में अब पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। गत वर्ष देश में सर्वाधिक पर्यटक मध्यप्रदेश में आए। नैसर्गिक सौन्दर्य, वन्य प्राणी, धार्मिक स्थल, आकर्षक ऐतिहासिक विरासतें और हरे-भरे वन हमारी विशेषता हैं। हमारे वन जीवित हैं। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। चंबल सबसे साफ नदी है जिसमें घड़ियालों का संरक्षण हो रहा है। नर्मदा मैया के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से मध्यप्रदेश अब देश का एकमात्र चीता प्रदेश बन गया है। चीतों का परिवार पालपुर कूनो में फल फूल रहा है।

सांची, खजुराहो और भीमबेटका जैसी विश्वविख्यात धरोहर हमारी वैश्विक सांस्कृतिक पहचान है। अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल के पत्थर कला स्थल, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, रामनगर मंडला के गोंड स्मारक और मंदसौर का धमनार भी जुड़ने की तैयारी में हैं। इसके अलावा नर्मदा परिक्रमा, गोंड चित्रकला और भगोरिया उत्सव भी पर्यटन के नक्शे पर प्रमुखता से उभरे हैं। मध्यप्रदेश ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है, जिसने सबसे ज्यादा 18 स्थलों को विश्व विरासत सूची में शामिल करने की पहल की है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश के पर्यटन को नई दिशा मिली है। केन्द्र का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां ईको सेंसिटिव जोनल मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू किया गया और 27 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में से सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान और बोरी वन्य जीव अभयारण्य में पूरा हो गया। हैरिटेज पर्यटन की कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

प्रदेश में अधोसंरचना मजबूत होने, सड़क संपर्क में निरंतर सुधार होने और केन्द्र सरकार के सहयोग से रेल सुविधाओं के बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र और उद्योग को लाभ मिला है। इस क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। हाल में रीवा पर्यटन कॉन्क्लेव में तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। पर्यटन स्थलों में सुविधाएं निरंतर बढ़ाई जा रही हैं। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा की शुरुआत हुई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सतना और सिंगरौली के मध्य वायु सेवा का संचालन हो रहा है।

मध्यप्रदेश सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। इसी समय आध्यात्मिक पर्यटन भी निरंतर विस्तार ले रहा है। भगवान श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन और यहां श्रीमहाकाल लोक विश्व विख्यात हैं। पिछले साल सात करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान में आध्यात्मिक पर्यटन भागीदारी को और ज्यादा सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है।

ओरछा में भगवान श्रीराम का मंदिर है। यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान को राजा के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। यह अभूतपूर्व आध्यात्मिक घटनाक्रम है। यहां भगवान श्रीराम राजा की सरकार स्थापित है। ग्वालियर के ऐतिहासिक भव्य किले के संबंध में उल्लेख मिलता है कि भारत में पहली बार जीरो का लिखित इस्तेमाल कहां हुआ। ग्वालियर किले में नवीं शताब्दी के इस चतुर्भुज मंदिर में शून्य का सबसे शुरुआती शिलालेख पर उकेरा हुआ प्रमाण मिलता है। इस मंदिर को दुनिया में %टैंपल ऑफ जीरो% के नाम से भी पहचाना जाता है। धार्मिक आयोजनों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। बाबा श्रीमहाकाल की दिव्य सवारी को भव्य रूप दिया गया। रक्षा बंधन के त्यौहार और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को सार्वजनिक रूप से प्रदेश के कोने-कोने में मनाया गया।

धार्मिक महत्व के स्थलों में धार्मिक और सांस्कृतिक लोगो और स्मारकों का निर्माण आध्यात्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा। संत रविदास लोक सागर, रानी दुर्गावती स्मारक जबलपुर, देवी लोक सलकनपुर सीहोर, श्री रामराजा लोक ओरछा, जाम सांवली श्री हनुमान लोक पांढुर्ना, श्री पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, श्री परशुराम लोक जानापाव महू, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवा माता लोक नीमच, रानी अवंतीबाई स्मारक जबलपुर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक अनूपपुर, देवी अहिल्या लोक खरगौन और नागलवाड़ी लोक बड़वानी में किया जा रहा है।

एक ओर जहां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन समृद्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर फिल्म पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। फिल्म निर्माताओं को मध्यप्रदेश में आकर्षक सुविधाएं मिल रही हैं। कई प्रसिद्ध फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। इससे स्थानीय कलाकारों को फिल्मो में काम मिला। फिल्म यूनिट के सदस्यों को होम स्टे की सुविधाओं का लाभ मिला। होम स्टे की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति को देखने-समझने में होम स्टे अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल 100 पर्यटन ग्राम विकसित किए गए हैं, जिनमें से 63 पर्यटन ग्राम विकसित हो चुके हैं। इनमें 470 से ज्यादा होम स्टे हैं। देश के पहले हैंडलूम गाँव प्राणपुर को वैश्विक पहचान मिली है। गॉड, भील पेंटिंग और मांडना आर्ट जैसी जनजातीय कलाओं से पर्यटक परचित हुए हैं।

हमारा लक्ष्य है कि पर्यटन उद्योग का निरंतर विस्तार हो, ताकि पर्यटन की संभावनाओं को पूरी तरह रोजगार सृजन के लिये उपयोग किया जा सके। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटक प्रदेश में आये, जो एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना और पेंच में आवागमन बढ़ा है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश ने आर्थिक निवेश के द्वार खोले हैं, पर्यटन क्षेत्र पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी, उद्योग समूहों के सहयोग और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से पर्यटन का क्षेत्र मध्यप्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**( लेखक मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन हैं )**

# महान परमाणु वैज्ञानिक -अर्नेस्ट रदरफोर्ड



संजय गोस्वामी

> अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने 1886 तक नि:शुल्क पब्लिक स्कूलों में पढ़ाई की, जब उन्हें नेल्सन कॉलेजिएट स्कूल, एक निजी माध्यमिक विद्यालय, में छात्रवृत्ति मिली। उन्होंने लगभग सभी विषयों में, विशेष रूप से गणित और विज्ञान में, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक अन्य छात्रवृत्ति के कारण रदरफोर्ड को 1890 में क्राइस्टचर्च स्थित कैंटरबरी कॉलेज में दाखिला मिला, जो न्यूज़ीलैंड विश्वविद्यालय के चार परिसरों में से एक था। यह एक छोटा स्कूल था, जिसमें आठ शिक्षक और 300 से भी कम छात्र थे।

## रदरफोर्ड का जन्मदिन 30 अगस्त पर विशेष

अर्नेस्ट रदरफोर्ड का जन्म 30 अगस्त, 1871 को नेल्सन, न्यूजीलैंड में हुआ था। वे सात बेटों और पांच बेटियों वाले परिवार में चौथे बच्चे और दूसरे बेटे थे न्यूज़ीलैंड में जन्मे ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी थे, जिन्हें माइकल फैराडे (1791-1867) के बाद सबसे महान प्रयोगवादी माना जाता है। रदरफोर्ड रेडियोधर्मिता के अध्ययन में एक केंद्रीय व्यक्ति थे और उन्होंने परमाणु परमाणु की अपनी अवधारणा के साथ परमाणु भौतिकी के अन्वेषण का नेतृत्व किया। उन्होंने 1908 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार जीता, रॉयल सोसाइटी (1925-1930) और ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस (1923) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, 1925 में ऑर्डर ऑफ मेरिट प्राप्त किया, और 1931 में नेल्सन के लॉर्ड रदरफोर्ड के रूप में पीयरेज में पदोन्नत हुए। रदरफोर्ड के पिता, जेम्स रदरफोर्ड, 19वीं शताब्दी के मध्य में एक बच्चे के रूप में स्कॉटलैंड से न्यूज़ीलैंड आकर बस गए थे और हाल ही में यूरोपीय लोगों द्वारा उपनिवेशित एक कृषि प्रधान समाज में किसान बन गए थे। रदरफोर्ड की माँ, मार्था थॉम्पसन, भी युवावस्था में इंग्लैंड से आकर बस गईं और शादी करने और एक दर्जन बच्चों की परवरिश करने से पहले एक स्कूल शिक्षिका के रूप में काम किया, जिनमें से अर्नेस्ट चौथे बेटे थे।

अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने 1886 तक नि:शुल्क पब्लिक स्कूलों में पढ़ाई की, जब उन्हें नेल्सन कॉलेजिएट स्कूल, एक निजी माध्यमिक विद्यालय, में छात्रवृत्ति मिली। उन्होंने लगभग सभी विषयों में, विशेष रूप से गणित और विज्ञान में, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक अन्य छात्रवृत्ति के कारण रदरफोर्ड को 1890 में क्राइस्टचर्च स्थित कैंटरबरी कॉलेज में दाखिला मिला, जो न्यूज़ीलैंड विश्वविद्यालय के चार परिसरों में से एक था। यह एक छोटा स्कूल था, जिसमें आठ शिक्षक और 300 से भी कम छात्र थे। रदरफोर्ड भाग्यशाली थे कि उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक मिले जिन्होंने उनमें वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति आकर्षण पैदा किया, साथ ही ठोस प्रमाण प्राप्त करने की आवश्यकता भी पैदा की। स्कूल में तीन साल पूरे करने के बाद, रदरफोर्ड ने कला स्नातक (बी.ए.) की उपाधि प्राप्त की और कैंटरबरी में एक वर्ष के स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त की।

उन्होंने 1893 के अंत में अपनी पढ़ाई पूरी की और भौतिकी, गणित और गणितीय भौतिकी में प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ कला में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की उपाधि प्राप्त की। उन्हें स्वतंत्र शोध करने के लिए एक और वर्ष क्राइस्टचर्च में रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रदरफोर्ड ने उच्च-आवृत्ति वाले विद्युतीय डिस्चार्ज, जैसे संधारित्र, की लोहे को चुम्बकित करने की क्षमता पर अध्ययन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 1894 के अंत में विज्ञान स्नातक (बी.एस.) की उपाधि प्राप्त हुई। इसी दौरान, उन्हें मैरी न्यूटन से प्रेम हो गया, जो उस महिला की बेटी थीं जिसके घर में वे ठहरे थे। उन्होंने 1900 में विवाह किया। 1895 में, रदरफोर्ड को 1851 में लंदन में आयोजित प्रसिद्ध महान प्रदर्शनी की आय से वित्त पोषित छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की कैवेंडिश प्रयोगशाला में अपनी पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया, जिसे जे.जे. विद्युत चुम्बकीय विकिरण के यूरोप के अग्रणी विशेषज्ञ थॉमसन ने 1884 में पदभार संभाला। इस विज्ञान के बढ़ते महत्व को समझते हुए, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने हाल ही में अपने नियमों में संशोधन किया था ताकि अन्य संस्थानों के स्नातक दो वर्ष के अध्ययन और एक स्वीकार्य शोध परियोजना के पूरा होने के बाद अपनी उपाधि प्राप्त कर सकें। रदरफोर्ड विश्वविद्यालय के पहले शोध छात्र बने। यह प्रदर्शित करने के अलावा कि एक दोलनशील निर्वहन लोहे को चुम्बकित करता है, जो पहले से ही ज्ञात बात है, रदरफोर्ड ने यह भी निर्धारित किया कि एक चुम्बकीय सुई प्रत्यावर्ती धारा द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र में अपना कुछ चुम्बकत्व खो देती है। इसने सुई को विद्युत चुम्बकीय तरंगों के संसूचक में बदल दिया, जो एक हाल ही में खोजी गई घटना है। ऐसी तरंगों के अस्तित्व की भविष्यवाणी स्कॉटिश भौतिक विज्ञानी जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने 1864 में की थी, और 1885 और 1889 के बीच, जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हर्ट्ज़ ने अपनी प्रयोगशाला में प्रयोगों में इनका पता लगाया। विद्युत चुम्बकीय तरंगों, या रेडियो तरंगों का पता लगाने के लिए रदरफोर्ड का उपकरण सरल था और इसमें व्यावसायिक क्षमता थी। उन्होंने अगले वर्ष कैवेंडिश प्रयोगशाला में अपने उपकरण की सीमा और संवेदनशीलता का विस्तार करते हुए बिताया, जो आधे मील दूर तक के संकेतों को ग्रहण कर सकता था। हालाँकि, रदरफोर्ड में इतालवी आविष्कारक गुग्लिल्मो मार्कोनी जैसी अंतरमहाद्वीपीय दृष्टि और उद्यमशीलता कौशल का अभाव था, जिन्होंने 1896 में वायरलेस टेलीग्राफ का आविष्कार किया था। रदरफोर्ड के कैवेंडिश पहुँचने के कुछ ही महीनों बाद, भौतिक विज्ञानी विल्हेम कॉनराड रॉन्टजन ने जर्मनी में एक्स-रे की खोज की। जीवित हाथ की हड्डियों की रूपरेखा के चित्र लेने की अपनी क्षमता के कारण, एक्स-रे ने वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों को समान रूप से आकर्षित किया। विशेष रूप से वैज्ञानिक उनके गुणों और प्रकृति को समझने के लिए उत्सुक थे। रदरफोर्ड थॉमसन के इस निमंत्रण को अस्वीकार नहीं कर सके कि एक्स-रे गैसों की चालकता को कैसे संशोधित करते हैं, इस पर एक शोध में सहयोग करें।

इसके परिणामस्वरूप आयनीकरण-परमाणुओं या अणुओं का आयनीकरण-पर एक उत्कृष्ट शोधपत्र प्रकाशित हुआ। अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने 1911 में परमाणु नाभिक की खोज की थी। उन्होंने अल्फा कणों की एक किरण को सोने की पन्नी की ओर भेजा और देखा कि किस प्रकार ये कण सोने के परमाणुओं द्वारा विक्षेपित हो जाते हैं। अपने परिणामों से, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि एक परमाणु का समस्त धनात्मक आवेश और लगभग समस्त द्रव्यमान एक न्यूक्लिऑन में संकेंद्रित होता है। समस्त आवेश एक छोटे से क्षेत्र, जिसे नाभिक कहते हैं, में संकेंद्रित होता है, और परमाणु का शेष भाग अधिकांशत: रिक्त स्थान होता है। रदरफोर्ड के ग्रहीय मॉडल में, इलेक्ट्रॉन एक छोटे धनात्मक नाभिक के चारों ओर रिक्त स्थान में गति करते हैं, जब ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। धनात्मक और ऋणात्मक आवेश (आयन) और आवेशित कणों का विपरीत ध्रुवों वाले इलेक्ट्रोडों के प्रति आकर्षण। इसके बाद थॉमसन ने सबसे सामान्य आयन, जिसे बाद में इलेक्ट्रॉन कहा गया, के आवेश-द्रव्यमान संबंध का अध्ययन किया, जबकि रदरफोर्ड ने आयन उत्पन्न करने वाले अन्य विकिरणों का अध्ययन किया।

## खास बात

### बच्चा पैदा हुआ नहीं, नाम रखने लगे

बिहार विधानसभा के चुनाव कुछ महीने बाद होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने की होड़ शुरू हो गई है। इंडिया गठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव के नाम पर लगभग सहमति बन गई है। एनडीए सरकार मैं शामिल नेताओं के अभी से अलग-अलग दावे सामने आने लगे हैं। लोग कहने लगे हैं, लड़का पैदा होगा,या लड़की, नाम अभी से रखे जाने लगे हैं। भाजपा को विश्वास है। उनका ही मुख्यमंत्री बनेगा। वहीं पासवान भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। एनडीए गठबंधन में मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल लोगों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। नीतीश कुमार को तो सभी ने रिटायर कर दिया है। सम्राट चौधरी, विजय सिंन्हा, नीतीश के बेटे निशांत, लल्लन चौधरी, संजय झा,चिराग पासवान मुख्यमंत्री की लाइन में लगे हुए हैं। जिस तरह से एनडीए गठबंधन में रायता फैल रहा है। वह सिमट पाएगा या नहीं कहना मुश्किल है। चुनाव आयोग क्या गुल खिलाएगा, इसको लेकर एनडीए गठबंधन संशय में है।

### जीएसटी दरें कम होने के इंतजार में बाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से घोषणा की है। जीएसटी का 12 और 28 फ़ीसदी वाला स्लैब खत्म हो जाएगा उसके स्थान पर एक नया 40 फ़ीसदी वाला स्लैब आने वाला है। 12 फ़ीसदी वाला 18 फ़ीसदी में जा सकता है। सभी राज्य सरकारों का जीएसटी को लेकर बीपी बढ़ा हुआ हैं। उनकी कमाई घटेगी, तो क्या होगा। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री ने 90000 करोड़ का राजस्व कम होने का अनुमान बता दिया है। बाजार को लग रहा है, जीएसटी की दरें कम होगी। तो बाजार में रौनक आएगी, अगले 3 महीने में दशहरा दिवाली और नए साल की धूम मचने वाली है। बाजार पहले से ही नाचने लगा है। जब जीएसटी की दरों में परिवर्तन होगा, तब सही स्थिति समझ आएगी। सरकार ने गुलगुला दिखाया है, या खिलाया भी है।

### विद्यार्थी परिषद की तरह बनेगा कांग्रेस का संगठन

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी कांग्रेस के संगठन को मजबूत बनाने के रास्ते पर लेकर जा रहे हैं। वह संघ की पृष्ठभूमि से आए हैं। उन्हें विद्यार्थी परिषद की ताकत का पता है। वह चाहते हैं, कांग्रेस में विद्यार्थी परिषद की तरह छात्र संगठन को तैयार किया जाए। महिलाएं भी वोट डालने के मामले में आगे रहती हैं। महिला संगठन को कांग्रेस में मजबूत किया जाए। कांग्रेस नेतृत्व भी इस मामले में गंभीर है। पिछले एक दशक में भाजपा और संघ ने राहुल गांधी को मार-मारकर राजनीति करना सिखा दी है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, भादो शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, सप्तमी, शनिवासरे, विशाखा नक्षत्रे, ऐग योगे, गर करणे, वृश्चिक की चंद्रमा भद्रा 35/29 संतान सप्तमी, मुक्ता भरणी, सप्तमी शिव पार्वती पूजन, महालक्ष्मी व्रतारंभ तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक जिद्दी-हठी, सैनिक, सिपाही, सेना नायक, दस्ता नायक, कमाण्डर, बिग्रेडियर, मेजर तथा सेनापति होगा, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, उत्तम प्रकृति का सैनिक तथा धर्मगुरु व प्रबल ज्ञानी होगा।

**मेष :** किसी के द्वारा धोखा देने से मनोवृत्ति खिन्न रहेगी, धन का व्यय तथा परिश्रम विफल होगा।

**वृष :** समय अनुकूल नहीं है, लेन-देन के मामले विफल रहेंगे, व्यर्थ विवाद से बचें।

**मिथुन :** व्यर्थ समय नष्ट होगा, यात्रा प्रसंग में थकावट व बेचैनी बनी रहेगी, समय समस्या का ध्यान रखें।

**कर्क :** प्रयत्नशीलता विफल हो, परिश्रम करने में ही कुछ सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह :** परिश्रम से कार्यपूर्ण होंगे, तर्क-वितर्क से विजय प्राप्त हो, सफलता मिले, धन का लाभ होगा।

**कन्या :** व्यवसायिक अनुकूलता से असंतोष किन्तु कार्य-व्यवस्था अनुकूल बनी रहेगी।

**तुला :** किसी तनावपूर्ण वातावरण से बचिये, कुछ उदविघ्नता से परेशानी बने, मित्रों से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** परिश्रम से कार्य में सुधार होते हुए भी फलप्रद नहीं, कार्य विफलत्व की चिन्ता बनेगी।

**धनु :** स्त्री वर्ग से उल्लास, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा रुके कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

**मकर :** स्वभाव में क्लेश व अशांति, व्यर्थ विभ्रम, भय तथा उद्विघ्नता अवश्य बनेगी।

**कुम्भ :** कार्यगति अनुकूल रहेगी, चिन्ताऐं कम होंगी तथा विलासिता के साधन जुटायेंगे।

**मीन :** आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा इष्ट मित्रों का समर्थन फलप्रद होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**30 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | तुला | 09.12 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.26 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.42 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.47 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.34 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.17 बजे से |
| | | मिथुन | 00.15 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | कर्क | 02.29 बजे से |
| | | सिंह | 04.45 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 242 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** सप्तमी 22.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 14.38 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 15.10 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.36 बजे तदनन्तर वणिज 22.47 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 6.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 59'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872452
**जूलियन दिन** 2460917.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 06
**विशेष** ललिता सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में नहीं घुसे 3 पाकिस्तानी नागरिक : एडीजी दराद

**पटना।** बिहार में नेपाल के रास्ते कोई आतंकी प्रवेश नहीं किया था। जिन तीन आतंकियों के बिहार में घुसने की सूचना मिली थी, दरअसल, वे दुबई से काठमांडू होकर मलेशिया चले गए हैं। बिहार के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून-व्यवस्था (लॉ एंड ऑडर) पंकज दराद ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। एडीजी पंकज दराद ने पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि तीन पाकिस्तानी नागरिक जैश से जुड़े हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने बिहार में इंट्री नहीं की, वे दुबई से काठमांडू होकर मलेशिया चले गए हैं। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि बिहार में किसी भी आतंकी की इंट्री नहीं हुई है। दरअसल, जिन तीन पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर यह दावा किया जा रहा था कि वे बिहार में दाखिल हुए हैं, उनकी ट्रैवल हिस्ट्री की जांच के बाद हकीकत कुछ और निकली है। एडीजी के मुताबिक जांच में पाया गया कि तीनों पाकिस्तानी नागरिक 8 अगस्त को दुबई से काठमांडू (नेपाल) पहुंचे थे, लेकिन वहां से वे सीधे मलेशिया रवाना हो गए। इस दौरान उनके बिहार की सीमा में दाखिल होने का कोई सबूत या सुराग नहीं मिला।

### तमिलनाडु के केंद्रीय विवि में आधारभूत ढांचे के विस्तार के लिए 385 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने तमिलनाडु के केंद्रीय विश्वविद्यालय (कट्टन, तिरुवरूर) में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से 385.27 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस निवेश से विश्वविद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक अकादमिक ब्लॉक, छात्र एवं शोधार्थियों के लिए नए हॉस्टल, संकाय एवं स्टाफ के आवासीय परिसर तथा एक विशेष वैज्ञानिक यंत्र केंद्र का निर्माण किया जाएगा। यह केंद्र उन्नत शोध के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित होगा। मंजूर की गई परियोजनाओं में नया अकादमिक भवन निर्माण 96.40 करोड़ रुपये, 300 बिस्तरों वाला छात्रावास (लड़कियां) 46.63 करोड़ रुपये, 300 बिस्तरों वाला छात्रावास (लड़के) - 46.91 करोड़ रुपये, वैज्ञानिक यंत्र केंद्र - 19.95 करोड़ रुपये, वैज्ञानिक उपकरणों की खरीद - 16.84 करोड़ रुपये, प्रशासनिक भवन का विस्तार - 46.16 करोड़ रुपये, संकाय एवं स्टाफ क्वार्टर - 62.97 करोड़ रुपये और 400 बिस्तरों वाला शोधार्थी छात्रावास - 42.60 करोड़ रुपये प्रमुख हैं।

### फिल्म अभिनेता विशाल ने अपने जन्मदिन के दिन साईं धंशिका के साथ की सगाई

**चेन्नई।** तमिल अभिनेता विशाल ने अपने प्रशंसकों को एक सरप्राइज दिया है। आज अपना 48वां जन्मदिन मना रहे अभिनेता विशाल ने अभिनेत्री साईं धंशिका से सगाई कर ली। विशाल ने चेन्नई में आयोजित एक सादे समारोह में अभिनेत्री साईं धंशिका से सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं हैं। अभिनेता विशाल का नाम पहले भी कई अभिनेत्रियों के साथ जुड़ चुका है, लेकिन बात शादी तक नहीं पहुंच पाई। अब 48 साल की उम्र में वह धंशिका से शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंगूठियां बदलकर सगाई की। विशाल ने अपनी शादी की घोषणा 29 अगस्त को की थी।
इससे पहले विशाल फिल्म योगिदा के ट्रेलर रिलीज़ कार्यक्रम में मेहमान बनकर आए थे। विशाल ने साईं धंशिका से अपने प्यार का इज़हार किया था और बाद में शादी की तारीख की घोषणा की थी, लेकिन आज इस फिल्मी जोड़े ने सगाई कर ली। सगाई होने के बावजूद इस जोड़े ने शादी की तारीख की घोषणा नहीं की है। विशाल ने 40 से ज़्यादा फ़िल्मों में मुख्य अभिनेता के रूप में काम किया है। साईं धंसिका ने 15 सालों में 20 से ज़्यादा फ़िल्मों में काम किया है। कलाकार संघ नादिगारे संघ के महासचिव विशाल ने घोषणा की थी कि संघ का भवन पूरा होने के बाद वह शादी कर लेंगे।

### क्वेटा में आईएसआई और सीटीडी के अधिकारी पांच बलोच छात्रों को घरों से उठाकर ले गए

**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान।** बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में आधी रात एक घर पर हुई छापेमारी के दौरान कम से कम पांच बलोच छात्रों को पाकिस्तान के अधिकारी जबरिया उठा ले गए हैं। बताया गया है कि आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने तड़के लगभग 3:30 बजे क्वेटा के एस्सा नगरी इलाके में एक घर पर छापा मारा। यहां से वह कम से कम पांच छात्रों को अगवा कर अपने साथ ले गए। खबर के अनुसार, पाकिस्तान के अधिकारियों ने मोहम्मद यासीन (17), शबीक (18), कदीर अहमद (18), कदीर लल्ला (17) और अकरम तकसीर (16) को अगवा किया है।

### पीड़ित मानव की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा- शिवराज सिंह चौहान



**मैसूर।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीड़ित मानव की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। राजनीति विभाजन का कारण बन सकती है, लेकिन धर्म लोगों को जोड़ता है। शिवरात्रि राजेंद्र महास्वामीजी के मार्गदर्शन में सुत्तूर मठ सेवा का ही विकल्प है। आज, महास्वामीजी ने सभी दलों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाकर एक आदर्श स्थापित किया है।

## बिहार में प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला मोहम्मद रिजवी गिरफ्तार

**पटना ■ एजेंसी**

बिहार के दरभंगा में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा की मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने सिमरी थाना में उसके खिलाफ आवेदन दिया था।

प्रधानमंत्री पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले युवक की पहचान सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भोपुरा गांव निवासी मोहम्मद रिजवी ऊर्फ रजा (20 वर्ष) पिता मोहम्मद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही दरभंगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और गुरुवार देर रात छापेमारी कर मोहम्मद रिजवी को उसके गांव से गिरफ्त में लिया। यह घटना बिठौली चौक पर कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान घटित हुई थी। इस



आपत्तिजनक टिप्पनी पर दरभंगा भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने महागठबंधन के नेता मोहम्मद नौसाद, पिता मोहम्मद अरशद , गांव देवरा बंदौली थाना जाले के विरुद्ध सिमरी थाना में आवेदन दिया था। दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। यह कार्रवाई एक वायरल वीडियो के बाद की गई, जो इंडिया ब्लॉक रैली से संबंधित था, जिसमें प्रधानमंत्री और उनकी मृत माँ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गई थीं। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की मंशा और परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे उनकी कोई भी राजनीतिक संबद्धता हो। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हलचल को जन्म दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मंच से प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माँ के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की है।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने गुवाहाटी स्थित राजभवन के 'ब्रह्मपुत्र विंग' का उद्घाटन किया

## पूर्वोत्तर शांति, प्रगति, सर्वसमावेशी विकास की ओर बढ़ रहा है : शाह

**गुवाहाटी ■ एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दशकों तक अशांति झेलने के बावजूद आज पूर्वोत्तर क्षेत्र शांति, प्रगति और सर्वसमावेशी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐतिहासिक नायकों महाराजा पृथु, लाचित बरफूकन और चिलाराय के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सदैव भारत की सुरक्षा का मजबूत स्तंभ और विविध सांस्कृतिक धरोहर का पालना रहा है।

गृहमंत्री ने शुक्रवार को गुवाहाटी स्थित राजभवन के 'ब्रह्मपुत्र विंग' का उद्घाटन किया और वर्चुअल माध्यम से 322 करोड़ की आठ परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में असम आंदोलन का सपना साकार हुआ है। बीते 11 वर्षों में पूर्वोत्तर ने अवसंरचना, सुरक्षा, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक कल्याण योजनाओं में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है।

उन्होंने राष्ट्रीय साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला (एनसीएफएल) का भी उद्घाटन किया। दिल्ली के बाद देश की



दूसरी यह प्रयोगशाला गुवाहाटी के लाचित बरफूकन पुलिस अकादमी में स्थापित की गई है। शाह ने कहा कि यह सुविधा आठों पूर्वोत्तर राज्यों को साइबर अपराध, ड्रग तस्करी, हथियारों की तस्करी और घुसपैठ जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी।

'ब्रह्मपुत्र विंग' के बारे में गृहमंत्री ने बताया कि इसे 40 करोड़ से अधिक की लागत से 3,300 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया है। यह न केवल संवैधानिक कार्यों को सुगम बनाएगा बल्कि विद्यार्थियों, कलाकारों और शोधकर्ताओं से संवाद का मंच भी बनेगा और राज्यपाल को जनता की भावनाएं सरकार तक पहुंचाने में सहायक होगा।

राजनीतिक टिप्पणी करते हुए शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी के लिए विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता द्वारा अपशब्दों के प्रयोग की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह राजनीति का सबसे निम्न स्तर है और ऐसी नकारात्मक नफरत की राजनीति को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। शाह ने विपक्षी नेता से प्रधानमंत्री, उनकी दिवंगत माताजी और देश की जनता से माफी मांगने की अपील की।

### पाकिस्तान जाने वाले नेता असम का नेतृत्व नहीं कर सकते - अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार असम में घुसपैठियों से अतिक्रमित हर इंच जमीन मुक्त करेगी, चाहे विपक्ष कितना भी विरोध क्यों न करे। खानापाड़ा स्थित वेटरिनरी कॉलेज मैदान में आयोजित पंचायती प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में सत्रों की जो जमीन घुसपैठियों ने कब्जाई थी, उसे भी भाजपा सरकार ने मुक्त कराया है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं भाजपा सरकार के जरिये हर गांव तक पहुंच रही हैं। इसी का परिणाम है कि पंचायत चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड 76 प्रतिशत वोट शेयर मिला। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उन्होंने ने कहा कि भाजपा ने महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने, महाबीर लाचित बरफूकन की विरासत को आगे बढ़ाने, राष्ट्रीय राजधानी में बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म की प्रतिमा स्थापित करने और ब्रह्मपुत्र पर 10 नए पुलों के निर्माण जैसे कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर-पूर्व में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शांति का वातावरण है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार में निष्पक्ष नियुक्तियां हो रही हैं, 'एडवांटेज असम' के जरिए नए निवेश आ रहे हैं और कल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू हो रही हैं। विपक्ष पर हमला करते हुए शाह ने कहा, जो नेता बार-बार पाकिस्तान जाते हैं, वे असम का नेतृत्व नहीं कर सकते। असम का नेतृत्व केवल नरेन्द्र मोदी और हिमंत बिस्व सरमा ही कर सकते हैं। उन्होंने जनता से लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनडीए सहयोगी दलों के नेताओं - एजीपी अध्यक्ष अतुल बोरा, कार्यकारी अध्यक्ष केशव महंत, गणशक्ति अध्यक्ष परमानंद चायेंगिया और राभा हासोंग के नेता टंकेश्वर राभा ने भी सभा को संबोधित किया।

## क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिसाब से विकसित होंगे राज्यों के मुख्य हवाई अड्डे



**लखनऊ ■ एजेंसी**

देश में उड़ान योजना को विस्तार देने के लिए अब राज्यों के प्रमुख हवाई अड्डों को आसपास के छोटे एवं मझोले शहरों एवं कस्बों को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा।

केन्द्र सरकार की उड़ान योजना में सरकार ने बीते 11 साल में देश को 74 हवाई अड्डों से 162 हवाई अड्डों तक पहुंचा दिया और इस दौर में हवाई यात्रियों की संख्या 16.8 करोड़ से बढ़ कर 41.2 करोड़ तक हो गई है। इस योजना के अगले चरण में उड़ान एवं यात्री संख्या की दृष्टि से छोटे हवाई अड्डों वाले शहरों एवं आसपास के शहरों, कस्बों के निकट अपेक्षाकृत बड़े हवाई अड्डे को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिसाब से विकसित करने की योजना पर निजी हवाई अड्डा आपरेटर भी काम कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार की मदद से राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन कर रहा अडाणी समूह इस हवाई अड्डे को वाराणसी, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, कुशीनगर आदि शहरों एवं क्षेत्र के अन्य कस्बों के लिए भी कनेक्टिविटी का केंद्र बनाने के जुटा हुआ है।

अडाणी समूह को निजी सरकारी साझीदारी के मॉडल पर लखनऊ का हवाई अड्डा नवंबर 2020 में 50 साल के पट्टे पर सौंपा गया था। अडाणी समूह के अधिकारियों के अनुसार इस हवाई अड्डे की यात्री क्षमता करीब 40 लाख यात्रियों की थी जो अब 70 लाख यात्रियों की हो चुकी है। वर्ष 2026-27 में यह क्षमता 80 लाख करने का काम चल रहा है। इसमें नये टर्मिनल भवन का निर्माण, 15 विमानों के एकसाथ हैंडलिंग की व्यवस्था, रनवे पर कैट-3 से भी आधुनिक तकनीक से खराब मौसम और शून्य दृश्यता में भी आसान लैंडिंग का इंतजाम शामिल है। नये टर्मिनल भवन के निर्माण में 2401 करोड़ रुपए, रनवे के विस्तार एवं रनवे पर नये कारपेट और लाइटों एवं कैट-3 के उन्नयन पर करीब 184 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है तथा उसकी क्षमता विस्तार के लिए 900 करोड़ रुपये और व्यय करने की योजना है। अधिकारियों के अनुसार लखनऊ हवाई अड्डे को आने वाले समय में उन्नाव, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, कुशीनगर, वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, सीतापुर, बरेली आदि शहरों की कनेक्टिविटी देने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के साथ मिल कर लग्ज़री बस सेवाओं को शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सामाजिक और राजनीतिक न्याय को साकार करें संसदीय समितियां: हरिवंश

**भुवनेश्वर ■ एजेंसी**

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को कहा कि संसद और इसकी समितियां संविधान की प्रस्तावना में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को साकार करने का सशक्त मंच हैं। हरिवंश ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि संसद की अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण समिति 1968 में गठित हुई, जो राष्ट्रीय आयोगों की रिपोर्टों का अध्ययन और सरकार के कदमों की जांच करती है।

उन्होंने भारत की स्वतंत्रता को राजनीतिक बदलाव के साथ-साथ सामाजिक जागरण बताया और समाज सुधारकों की लंबी परंपरा का जिक्र किया, जिन्होंने रूढ़िवाद को दूर कर सामाजिक चिंतन को स्वस्थ किया। देश की आर्थिक प्रगति पर हरिवंश ने कहा कि भारत 'फ्रेजाइल फाइव' (2013) से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (2025)



बना है। विश्व बैंक के अनुसार, अति गरीबी 2011-12 के 16 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गई, जबकि बहुआयामी गरीबी 54 प्रतिशत से 15 प्रतिशत पर आई।

उन्होंने कहा, 'जनता को समृद्धि बांटने के लिए देश का संपन्न और शक्तिशाली होना जरूरी है। थोथे नारों से सिर्फ गरीबी ही बांटी जा सकती है। समृद्धि से ही समान अवसर बनते हैं, विपन्नता में नहीं।' स्वतंत्रता आंदोलन की तरह जातिवाद खत्म करने के लिए हर स्तर पर अभियान चलाना होगा। आरक्षण को जरूरी बताते हुए देश में समतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए लोगों को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी। इसके लिए लोक जागरूकता अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि वक्तव्य की शुरुआत में उन्होंने 1939 के आमको-सिमको आंदोलन (ओडिशा) के शहीदों को नमन किया, जिसे ओडिशा का जालियावाला बाग कहा जाता है। ओडिशा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मु देश की पहली राष्ट्रपति बनीं।

जो सादगी और संघर्ष का प्रतीक हैं। ओडिशा को जनजातीय बहुल राज्यों के समावेशी विकास का आदर्श मॉडल बताया। सम्मेलन को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संबोधित किया।

## यूएन सुरक्षा परिषद ने लेबनान शांति मिशन को 2026 तक बढ़ाया फिर शुरू होगा अंतिम वापसी चरण

**संयुक्त राष्ट्र ■ एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने लेबनान में लंबे समय से चल रहे शांति मिशन को अंतिम बार बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह मिशन 31 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा, जिसके बाद एक साल के भीतर इसकी क्रमबद्ध और सुरक्षित वापसी शुरू होगी। सुरक्षा परिषद ने गुरुवार को फ्रांस द्वारा तैयार मसौदे को सर्वसम्मति से मंजूरी दी। प्रस्ताव में कहा गया है कि लेबनान सरकार के साथ परामर्श कर 2026 के अंत से एक साल के भीतर यूएन इंटरिम फोर्स इन लेबनान की वापसी की जाएगी।

ताकि दक्षिणी लेबनान में सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल लेबनान सरकार के हाथ में हो। यूएन इंटरिम फोर्स इन लेबनान की स्थापना 1978 में हुई थी। यह मिशन दक्षिणी लेबनान और इजराइल की सीमा पर निगरानी करता है। 2006 में



इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्ध के बाद इसके अधिकार बढ़ाए गए थे, ताकि शांति सैनिक लेबनानी सेना के साथ मिलकर हथियारबंद समूहों को रोक सकें।

हालांकि, हिज्बुल्लाह के प्रभाव के कारण यह मिशन विवादों में रहा है। इजराइल के यूएन राजदूत डैनी डैनन ने कहा, दशकों तक यूनीफिल का विस्तार केवल भ्रम साबित हुआ है। इस मिशन ने हिज्बुल्लाह को खतरनाक क्षेत्रीय ताकत बनने दिया।

अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि यह यूनीफिल के लिए अंतिम विस्तार है। अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत डोरोथी शीया ने कहा, लेबनान की सुरक्षा स्थिति में पिछले एक साल में बड़ा बदलाव आया है।

अब समय है कि लेबनान अधिक जिम्मेदारी ले। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने प्रस्ताव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह इजराइल से उन पांच इलाकों से सेना हटाने का आह्वान दोहराता है, जहां वह अब भी कब्जा किए हुए है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

## भुवनेश्वर में अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**भुवनेश्वर ■ एजेंसी**

*ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण से संबंधित संसदीय समितियों और विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ। लोकसेवा भवन के कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया।*

*मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि 25 वर्षों के बाद यह सम्मेलन पहली बार दिल्ली के बाहर आयोजित हो रहा है और वह भी ओडिशा में। इसके लिए*



*मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पहले भी अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ओडिशा में आयोजित हुए हैं और इससे राष्ट्रीय स्तर पर ओडिशा का महत्व बढ़ा है।*

*अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की वर्तमान स्थिति बेहतर है, इस पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अच्छे हैं, आने वाला कल और भी अच्छा होगा, निश्चित रूप से अच्छा होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भुवनेश्वर का यह सम्मेलन अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के समय देश का सामाजिक और राजनीतिक स्तर कई कठिनाइयों से गुजर रहा था। सबसे बड़ी समस्या अनुसूचित जाति व जनजातियों की थी। लेकिन बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांतों और मार्ग का अनुसरण करते हुए आज देश में अनुसूचित जाति व जनजातियों की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह प्रयास तेज़ हुआ है कि वे पूरी तरह से मुख्यधारा मंल शामिल हों और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। पीएम जनमन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएँ इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा की 40 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने इनके विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए ओडिशा सरकार आदिवासी संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर भवन तथा आदिवासी भाषा संस्थान भी बना रही है।*

### रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने निशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित किया



**भोपाल।** रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने मिलनेश्वर मंदिर मिनाल में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जिसका शुभारंभ डी जी एन मुकेश साहू ने सुबह 9 बजे किया उन्होंने कहा पीड़ित मानवता की सेवा रोटरी का मुख्य उद्देश्य है इस तरह के चिकित्सा शिविर आयोजित करना आज की आवश्यकता है रोटरी क्लब हिक्स के इस भव्य चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित करने ओर सदस्यों के समर्पण भाव प्रशंसनीय हैं इस चिकित्सा परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया निशुल्क चिकित्सा परीक्षण किए जिसने ब्लड टेस्ट शुगर टेस्ट लिपित प्रोफाइल आदि किए गए तत्कालीन आवश्यकता की निशुल्क दवाई भी दी गई दोपहर 2 बजे तक 400 से से भी 2 स्त्री पुरुष ओर बच्चे चिकित्सा परीक्षण करा कि चूके थे इस चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं समस्त टेक्नीशियन का आभार व्यक्त करते हुवे अध्यक्ष हर्ष मित्तल ने धन्यवाद दिया इस अवसर पर प्रॉजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ संतोष आनंद सचिव कमल छोगानी एवम अन्य रोटेरियन भी उपस्थित रहे।

# मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।



**एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।**

## खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।
अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।
मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।



# कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

**कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।**

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?
यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'
यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।
एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।
एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

## क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

# सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

## ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

## कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

## आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

## पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

## दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।





# सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

**ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।**

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

## हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

## ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।**

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

## प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

## मांसपेशियों में ऐंठन से राहत

सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

## गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

## रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।



संक्षिप्त समाचार

## खेल मंत्री मंडाविया ने जेएलएन स्टेडियम में किया भारत के पहले मोंडो ट्रैक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भारत के पहले मोंडो ट्रैक का उद्घाटन किया। यहीं पर 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप होगी। इसी के साथ भारत ओलंपिक सहित प्रमुख वैश्विक एथलेटिक्स आयोजनों में उपयोग किए जाने वाले ट्रैक सतह को स्थापित करने वाला विश्व का 25वां देश बन गया। उद्घाटन समारोह में विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य विजेता पूर्व लम्बी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज, दो बार के पैरालंपिक चैंपियन और भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रमुख देवेंद्र झाझरिया, तथा भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल, धावक प्रीति पाल और सिमरन शर्मा जैसे कई पैरालंपिक पदक विजेता उपस्थित थे। यह ट्रैक दो-परत वाले वल्केनाइज्ड रबर से बना है, जो एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ाता है और चोट के जोखिम को कम करता है।

## क्रिप्टन में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार शाम को फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीईएफआई) के तत्वावधान में दो दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद क्षेत्र के लगभग 34 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता खेल महोत्सव के अंतर्गत करवाई गयी, जो की मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाये जाने का एक प्रयास रहा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एडीआरएम परितोष गौतम व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सीबी जदली ने किया।

### एशिया कप हॉकी 2025

# भारत ने राजगीर में चीन को 4-3 से हराकर जीत दर्ज की

**राजगीर ■ एजेंसी**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को राजगीर में चीन को 4-3 से हराकर जीत के साथ एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की।

भारतीय टीम पहले क्वार्टर में पिछड़ गई, जब 12वें मिनट में डु शिहाओ ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने पहले क्वार्टर के अंत में बराबरी का मौका गंवा दिया, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह का ड्रैग-फ्लिक बाहर चला गया। इसके बाद जुगराज सिंह ने मौका नहीं गंवाया और 18वें मिनट में ड्रैग-फ्लिक से गोल दागकर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। इसके ठीक दो मिनट बाद हरमनप्रीत ने दाहिने कोने में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। हरमनप्रीत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर भारत को 3-1 से बढ़त दिला दी।




हालांकि, चेन बेनहाई ने अपनी ड्रैग-फ्लिक से भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छकाकर चीन को मुकाबले में वापसी दिलाई। इसके बाद हरमनप्रीत पेनल्टी स्ट्रोक चूक गए, जिससे चीन के लिए बराबरी का मौका खुल गया। 42वें मिनट में गाओ जीशेंग ने शॉर्ट कॉर्नर का पूरा फायदा उठाकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। भारतीय कप्तान ने शॉर्ट कॉर्नर पर तीसरी बार गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की और कड़े मुकाबले में भारत को 4-3 से जीत दिला दी।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

**पेरिस।** भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और विश्व नंबर-6 जोड़ी लियांग वेई कंग तथा वांग चांग को 19-21, 21-15, 21-17 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। निर्णायक गेम में सात्विक-चिराग 15-17 से पिछड़ रहे थे, लेकिन इसके बाद लगातार छह अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। यह इस चीनी जोड़ी के खिलाफ नौ मुकाबलों में केवल तीसरी जीत है।

# एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत को सेंटर फायर पिस्टल में स्वर्ण

**शिमकेंट (कजाकिस्तान) ■ एजेंसी**



अनुभवी पिस्टल शूटर गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पदक दिलाया। एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के अंतिम से पहले दिन भारतीय टीम ने गैर-ओलंपिक स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा।

एक दिन पहले 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत और टीम दोनों में स्वर्ण जीतने वाले 37 वर्षीय आर्मी शूटर गुरप्रीत ने इस बार राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। तीनों का कुल स्कोर 1733 अंक रहा। संधू ने 583, गुरप्रीत ने 579 और अंकुर ने 571 अंक जुटाए। वियतनाम (1720) को रजत और ईरान (1700) को कांस्य पदक मिला। इसी बीच, युवा निशानेबाज मानिनी कौशिक ने अपने करियर का पहला व्यक्तिगत अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया। जयपुर की 24 वर्षीय मानिनी ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने 617.8 अंक हासिल किए।

दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसो ली (620.2) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। हालांकि मानिनी स्कोर में पांचवें स्थान पर थीं, लेकिन दो शीर्ष शूटर 'रैंकिंग पॉइंट्स ओनली' श्रेणी में होने के कारण उन्हें कांस्य प्रदान किया गया।

मानिनी ने इसी स्पर्धा में भारत को टीम सिल्वर दिलाने में भी अहम योगदान दिया। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदारसा (613.8) के कुल 1846 अंक रहे। स्वर्ण दक्षिण कोरिया (1856.8) और कांस्य कजाकिस्तान (1828.2) को मिला।

भारत की प्राची गायकवाड़ ने जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्होंने 616.6 अंक बनाए। स्वर्ण दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) और कांस्य कजाकिस्तान की सोफ्या मालकिना (616.3) को मिला। टीम इवेंट में प्राची (616.6), अनुष्का ठोकुर (607.6) और तेजल नथावत (599.2) ने 1823.4 अंक जुटाकर कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया (1844) ने स्वर्ण और कजाकिस्तान (1830.1) ने रजत जीता।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जारी किया वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 का फिनिशर मेडल



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 का 20वां ऐतिहासिक संस्करण आगामी 12 अक्टूबर 2025, रविवार को धावकों के लिए शुरू होगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता के फिनिशर मेडल का अनावरण दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में किया।

पिछले दो दशकों से यह मैराथन दिल्ली के खेल कैलेंडर का अहम हिस्सा रही है। इसने हजारों लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, युवाओं को मंच प्रदान किया और समुदाय को एकजुट कर फिटनेस और सहनशक्ति का उत्सव मनाया।

इस विशेष संस्करण के लिए तैयार किया गया फिनिशर मेडल उच्च गुणवत्ता वाले जिंक से निर्मित है, जो उदयपुर की ऐतिहासिक जावर खदानों से प्राप्त किया गया है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (वेदांता समूह) द्वारा तैयार यह मेडल केवल उपलब्धि का प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारत की औद्योगिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा-मैं दिल्लीवासियों से अपील करती हूं कि वे 20वें संस्करण के वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में शामिल हों। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम स्वयं को और दिल्ली को स्वस्थ व फिट रखें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के फिट इंडिया विजन को आगे बढ़ाएं। मैं सभी से आग्रह करती हूं कि बड़ी संख्या में भाग लें। वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन साहस, एकता और उद्देश्य का उत्सव है।

20वें संस्करण को और खास बनाता है यह फिनिशर मेडल, जो हिंदुस्तान जिंक की ऐतिहासिक जावर खदानों से निकाले गए जिंक से तैयार हुआ है। यह सहनशक्ति, शक्ति और भारत की औद्योगिक विरासत का प्रतीक है। हमारी रन फॉर हंगर पहल के माध्यम से धावकों का हर कदम बच्चों को पोषण देने वाले नंद घर और पशुओं की देखभाल करने वाले द एनिमल केयर आर्गेनाइजेशन तक प्रभाव डालता है।

## भोपाल में खेल महोत्सव शुरु, मंत्री सारंग भी दिखे मैदान में, 3 दिन तक चलेंगी खेल प्रतियोगिताएं

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मंत्री सारंग खेल के मैदान में दिखे। 'एक घंटा खेल मैदान में' थीम के तहत



सारंग ने खिलाड़ियों के साथ रस्साकशी में भी भाग लिया। इस दौरान मप्र. वॉटर स्पोर्ट्स व हॉकी टीम के खिलाड़ियों के बीच भी रस्साकशी का मैत्री मैच हुआ, जिसमें 2-1 से म.प्र. वॉटर स्पोर्ट्स की टीम विजेता रही। मंत्री सारंग ने स्टेडियम में 100 मीटर स्प्रिंट पुरुष व महिला, फुटबॉल, पॉल वॉल्ट समेत अन्य खेलों का अवलोकन कर खिलाड़ियों से संवाद किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

व्यापार

संक्षिप्त समाचार

## डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुंचा रुपया, भारतीय मुद्रा में 57 पैसे की गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत पर थोपे गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर बाजार में बनी चिंता, डॉलर इंडेक्स में आई तेजी और डॉलर की मांग में बढ़ोतरी होने का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ दिखा। मुद्रा बाजार में बने नकारात्मक माहौल के कारण रुपया आज डॉलर की तुलना में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 57 पैसे फिसल कर 88.20 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 87.63 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की कमजोरी के साथ 87.70 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ नजर आया। रुपये पर बढ़ते दबाव की वजह से भारतीय मुद्रा 68 पैसे की कमजोरी के 88.31 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गई।

## विक्रान इंजीनियरिंग का आईपीओ अंतिम दिन 23.59 गुना हुआ सब्सक्राइब

**नई दिल्ली।** विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पांस मिला है। इस आईपीओ को बोली के अंतिम दिन 23.59 गुना सब्सक्राइब किया गया। इस इश्यू को सब्सक्राइब करने का आज आखिरी दिन है। कंपनी के शेयर एक सितंबर को अलॉट होंगे, जबकि 3 सितंबर को स्टॉक बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे। इस इश्यू को प्रस्तावित 92-97 रुपये प्राइस बैंड पर 5.87 करोड़ शेयरों के मुकाबले 138.59 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई। आंकड़ों के अनुसार इस निर्गम को शाम 5.30 बजे तक 23.59 गुना अभिदान मिला। आंकड़ों के मुताबिक गैर-संस्थागत निवेशक भाग और योग्य संस्थागत खरीदार भाग क्रमश: 58.58 गुना और 19.45 गुना सब्सक्राइब हुए हैं, जबकि खुदरा भाग 10.97 गुना सब्सक्राइब हुआ है। विक्रान इंजीनियरिंग का इश्यू 26 अगस्त को बोली के लिए खुलकर 29 अगस्त को बंद हुआ। इसके लिए मूल्य का दायरा 92-97 रुपये प्रति शेयर था। एक निवेशक को न्यूनतम 148 इक्विटी शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगाने की अनुमति थी। विक्रान इंजीनियरिंग लिमि. के आईपीओ में एक नया इश्यू और एक बिक्री प्रस्ताव दोनों शामिल हैं। इस इश्यू में कुल 721 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक इश्यू और कंपनी के प्रमोटरों में से एक राकेश अशोक मरखेडकर द्वारा 51 करोड़ तक के बिक्री प्रस्ताव शामिल हैं। कंपनी की योजना नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय में से 541 करोड़ रुपये का उपयोग कार्यशील पूंजी जरूरतों के लिए और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का है।

# सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाई से बचाने के लिए प्रतिबद्धः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने को लेकर घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी। सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाई से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री गोयल ने यहां भारत बिल्डकॉन 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। गोयल ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से उन क्षेत्रों पर प्रकाश डालने का आग्रह किया, जहां वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वाणिज्य मंत्रालय नए अवसरों के द्वार खोलने के लिए दुनिया भर के भागीदारों से संपर्क कर रहा है। वाणिज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि वैश्विक पहुंच के साथ-साथ घरेलू खपत को बढ़ावा देना भी प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में ऐसे उपाय सुझाए जाने की उम्मीद है, जो मांग को तेज़ी से बढ़ाएँगे और घरेलू विनिर्माण को मज़बूत बढ़ावा देंगे। गोयल ने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा और कतर भी भारत के साथ



ऐसे समझौते पर बातचीत करने को इच्छुक है। गोयल ने ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन, आइसलैंड और यूके सहित विकसित देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बढ़ते नेटवर्क पर प्रकाश डाला और यूरोपीय संघ एवं अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि ये समझौते निर्माण, इस्पात और संबद्ध क्षेत्रों जैसे भारतीय उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेंगे।

उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं को भारत बिल्डकॉन 2026 को एक आत्मनिर्भर, उद्योग-प्रधान पहल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर सरकारी सहायता भी उपलब्ध हो। गौरतलब है कि 29 अप्रैल से 2 मई, 2026 तक यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत बिल्डकॉन को भवन एवं निर्माण सामग्री उद्योग के लिए भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

## मेडटेक क्षेत्र आत्मनिर्भरता का स्वाभाविक उम्मीदवार, विकास के लिए साहसिक लक्ष्य करने होंगे निर्धारितः गोयल

नई दिल्ली, 29 अगस्त (हि.स)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मेडटेक क्षेत्र आत्मनिर्भरता के लिए एक स्वाभाविक उम्मीदवार है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए साहसिक लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन व्यापार और साझेदारी के लिए एक निर्णायक मंच के रूप में विकसित हुआ है। गोयल ने यहां 17वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ग्लोबल मेडटेक शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग से जीवंत भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय मेडटेक उद्योग की विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान, उल्लेखनीय वृद्धि और लचीलेपन के लिए सराहना की। उन्होंने भारत को स्वास्थ्य सेवा में आत्मनिर्भर बनाने में इस क्षेत्र के योगदान की प्रशंसा की और इसे किफायती, उच्च-गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने में वैश्विक अग्रणी बनने का आग्रह किया। इसके अलवा केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में सीआईआई इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव के 20वें संस्करण के समापन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि पारस्परिक लाभ के लिए भारत-अफ्रीका साझेदारी को मजबूत करने के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, हम मिलकर कच्चे माल के निर्यात से आगे बढ़कर वैश्विक बाज़ारों के लिए मूल्यवर्धित उत्पादन की ओर बढ़ सकते हैं। गोयल ने कहा कि 20 साल पहले शुरू हुए इस कॉन्क्लेव के विचार ने अफ्रीकी देशों के अवसरों और क्षमताओं को उजागर किया है और साथ ही अफ्रीका एवं भारत दोनों की ताकतों को भी प्रदर्शित किया है। गोयल ने कहा कभारत और अफ्रीका को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लिए काम करना चाहिए, जिसमें मूल्य संवर्धन, तकनीक-संचालित कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## देश की जीडीपी पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की रफ्तार से बढ़ी




**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पांच तिमाहियों के उच्चतम स्तर 7.8 फीसदी पर पहुंच गई। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की विकास दर 6.5 फीसदी से भी बेहतर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जीडीपी 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8 फीसदी बढ़कर पांच तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की 5 तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। आंकड़ों के अनुसार मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर बढ़ी है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी। इससे पहले उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर 2024 के जनवरी-मार्च तिमाही में 8.4 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार कृषि क्षेत्र में 3.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 1.5 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मामूली रूप से बढ़कर 7.7 फीसदी हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में ये 7.6 फीसदी थी।

## रिलायंस 125 अरब डॉलर का राजस्व कमाने वाली बनी पहली भारतीय कंपनी : मुकेश अंबानी

**मुंबई ■ एजेंसी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। रिलायंस 125 अरब डॉलर का राजस्व पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में देश को 2.1 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कंपनी अपने ही रिकॉर्ड तोड़ती रहेगी और भारत के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।


मुकेश अंबानी मुंबई में आरआईएल की 48वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित कर रहे थे। आरआईएल प्रमुख ने कहा कि किसी भी भारतीय कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है कि कंपनी ने रिकॉर्ड मुनाफा और राष्ट्र के लिए योगदान भी दर्ज किया है। मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने वित्त वर्ष 2024-25 में देश को 2.1 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। समूह की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो 2026 की पहली छमाही तक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि जियो अब विदेशों में कारोबार विस्तार करने के साथ अपनी खुद की कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी भी विकसित करेगी। रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 202425 में कुल समेकित राजस्व में 10,71,174 करोड़ रुपये (125.3 अरब अमरीकी डॉलर) हासिल किया।

## एलआईसी ने वित्त मंत्री निर्मला को सौंपा 7324.34 करोड़ का लाभांश चेक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को 7324.34 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा।

एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) आर. दोरईस्वामी ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को 7324.34 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा। बीमा कंपनी ने कहा कि यह चेक भारत सरकार के लाभांश हिस्से के रूप में है, जिसे 26 अगस्त, 2025 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था।



इस अवसर पर वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू, मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. प्रशांत कुमार गोयल, भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों में प्रबंध निदेशक सतपाल भानु, प्रबंध निदेशक दिनेश पंत, प्रबंध निदेशक रत्नाकर पटनायक और जे.पी.एस.बजाज, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी), उत्तरी क्षेत्र भी उपस्थित थे।

एलआईसी अपनी स्थापना के 69 गौरवशाली वर्ष पूरा कर रही है और 31 मार्च, 2025 तक इसकी परिसंपत्ति 56.23 लाख करोड़ रुपये है।

### स्वच्छता अभियान को गति देने नपाध्यक्ष नीतू यादव और सीएमओ ने ली बैठक

# स्वच्छता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी

नर्मदापुरम ■ निसं

नगर में स्वच्छता अभियान लगातार चलाया रहा है। अभियान को और अधिक गति देने के लिए नगरपालिका में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्ष में बैठक आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी उपस्थित रहे।



स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि बैठक में नपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा निर्देश दिए गए कि कचरा वाहन समय पर वार्डवार पहुंचे। कचरा वाहनों की सतत मानिटरिंग करें साथ ही जहां कचरा वाहन संबंधी सूचना आती है उसे तत्काल निराकृत किया जाए। इसके अलावा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। नगर में स्वच्छता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। नगर के नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

# पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

पिपरिया ■ निसं

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत, पिपरिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह और एसडीओपी मोहित कुमार यादव के निर्देशानुसार, 28-29 अगस्त की रात को पुलिस को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि काली मंदिर के पास रेलवे ओवरब्रिज के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।



पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को देखा। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर उसकी कमर में पीछे की तरफ एक देशी कट्टा मिला, जिसमें एक जिंदा कारतूस भी भरा हुआ था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनुज शर्मा, उम्र 24 साल, निवासी बरेली, जिला रायसेन बताया। उसके पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक भागचंद धुर्वे, प्रधान आरक्षक अरुण जुदेव, आरक्षक प्रतीक साहू और आरक्षक हेमंत चौधरी की अहम भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के दिशा निर्देशों का क्रियान्वयन एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम में किया गया। प्रशिक्षण में न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम, जिला विधिक सेवा अधिकारी नर्मदापुरम, अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, बाल देखरेख संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारी जिले के थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आनंद जाट को जिला बदर करने का नोटिस

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिध्दार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के प्रतिवेदन पर आपाराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हरदा निवासी आनंद पिता दीपचंद जाट को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर करने का नोटिस जारी किया है। संबंधित को कलेक्टर न्यायालय में कारण सहित लिखित उत्तर नियत दिनांक को नियत समय पर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। नियत दिनांक तक जबाव प्रस्तुत न करने की दशा में एकपक्षीय कार्रवाई की जा सकेगी।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरदा।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र कोलीपुरा विकासखंड हरदा में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य यद्यम उन्नयन योजना के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में हरदा जिले के पीएमएफएमई योजना में लाभान्वित हितग्राहियो को प्रथम दिवस में योजना का परिचय तथा मार्केटिंग ब्राडिंग की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस में ऋण वितरण तथा वित्त प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई तथा तृतीय अंतिम दिवस में फूड डोमेन एफएसएसएआई तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा ईटीपी तथा आधार उद्यम की जानकारी डीएमके मेघा सुमन के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियो व उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान विजय सिंह, संतोष शुक्ला तकनीकी सहायक, अनिल गर्ग, श्री योगेश तिवारी, महेन्द्र लोवंशी, अनिल गरीड एवं समस्त उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हुआ आयोजन

# खेल गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ बनता है - गीता रघुवंशी

विदिशा ■ निसं

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री के आव्हान पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120 वीं जयंती के उपलक्ष में विदिशा के एसएटीआई स्थित कैलाश सत्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120 वी जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन दिनांक 29 से 31 अगस्त 2025 तक किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि यह दिन हमें खेलों के प्रति जागरूक करता है खेल गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ बनता है और हमें अनुशासन सिखाता है। इसलिए खेल को हम सभी को अपने वन का हिस्सा बनना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।




नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि खेल हमारे वन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ ही नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाता है। खेल में हार और त होती है लेकिन हार से भी हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने पूरी दुनिया को हॉकी खेल के माध्यम से प्रभावित किया था और हमारे देश को तीन बार स्वर्ण पदक दिलाकर ख्याति अर्जित की थी।

पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर यह तीन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि तना-हारना तो लगा रहता है, लेकिन हमें खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और खेल गतिविधियों में सहभागिता करना चाहिए।

उन्होंने सभी से कहा कि हमें अपने पसंदीदा खेल को अपने वन का हिस्सा बनाना चाहिए, उसमें सहभागी होना चाहिए। खेल गतिविधियों के माध्यम से हमारा स्ट्रेस दूर होता है इसके कई लाभ होते हैं। उन्होंने कहा कि आज खेल गतिविधियों के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। खेल गतिविधियों में भी बहुत सारी करियर अपॉर्चुनिटी होती है जैसे कि आर्मी, पुलिस, रेलवे इत्यादि। उन्होंने कबड्डी और खो-खो जैसी खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लेने का आवाहन सभी से किया और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की बात कही।

जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज हम मेजर ध्यानचंद की 120 भी जन्म जयंती मना रहे हैं भारत के राष्ट्र सपूत हैं प्रधानमंत्री ने भी नारा दिया है कि हर गली हर मैदान खेल सारा हिंदुस्तान जिसको लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने खेल दिवस मनाने का कार्यक्रम निर्धारित किया उन्होंने मेजर ध्यानचंद के वन पर विस्तृत प्रकाश भी डाला। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर रायसेन में रस्साकसी

# कलेक्टर चम्मच दौड़ में फर्स्ट, दूसरे नंबर पर रहे एसपी




रायसेन ■ अमृत दर्शन

रायसेन जिले में मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर 3 दिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत हुई। पहले दिन चम्मच दौड़ और रस्सा कसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। चम्मच दौड़ में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा पहले, एसपी पंकज कुमार पांडे दूसरे और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा तीसरे स्थान पर रहे।

**रस्सा कसी प्रतियोगिता में प्रशासन और नेतृत्व टीम शामिल:** रस्सा कसी प्रतियोगिता में दो टीमें बनीं। पहली टीम में कलेक्टर और एसपी थे, जबकि दूसरी टीम में जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शामिल थे। पहले राउंड में कलेक्टर की टीम विजयी रही, जबकि दूसरे राउंड में जिला पंचायत अध्यक्ष की टीम ने बाजी मारी।

**मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि और खेलों का संदेश:** जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं और खेलों में तकनीक का महत्व समझना चाहिए। एसपी पंकज कुमार पांडे ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निखारते हैं और स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**विद्यार्थियों की प्रतियोगिताएं:** छात्रा वर्ग में माही जाटव पहले, यशस्वी कार दूसरे और सोमती लोधी तीसरे स्थान पर रही। छात्र वर्ग में विक्रम ठाकुर पहले, काशिब मंसूरी दूसरे और मानव राठौड़ तीसरे स्थान पर रहे। रस्सा कस्सी में मेजर ध्यानचंद टीम और प्रशासन टीम के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा।

### महाबली बुधादित्य योग आज से

# व्यापारिक ग्रह बुध कर रहे हैं राशि परिवर्तन, व्यापार जगत के लिए शुभकारी

भोपाल ■ निसं

महाबली बुधादित्य योग तारीख 30 अगस्त को तड़के 4-35 पर बुध ग्रह के राशि परिवर्तन से निर्मित हो रहा है ।सिंह राशि पर सूर्य विचरण कर रहे हैं, जैसे ही बुद्ध सिंह राशि में प्रवेश करेंगे महाबली बुधादित्य योग बनेगा ,यह योग सिंह राशि पर सूर्य -बुध में युति से बनता है। व्यापारिक ग्रह के बुधादित्य योग बनाने से व्यापार जगत की समस्याएं समाप्त होगी यह महाबली बुधादित्य योग देश के मुखिया, प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के लिए विशेष फल दायक है ज्योतिष मठ संस्थान के पंडित विनोद गौतम ने बताया कि यह योग यह पंच महायोग में से प्रमुख योग माना जाता है गौर तलब है कि वर्तमान समय पर भारतीय प्रधानमंत्री की जापान चीन यात्रा मैं यह योग विशेष सहयोग प्रदान करेगा ।इस योग के प्रभाव से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इस योग में यह मुलाकात दोनों देशों के लिए लाभकारी है यह शत्रु देश के मानसिक स्थिति पर प्रहार करेगा। और टैरिफ पर सोचने पर मजबूर करेगा। इस योग में केतु भी सम्मिलित है एवं राहु की दृष्टि है अत: षड्यंत्रकारी देश षड्यंत्र करेंगे। परंतु भारत की प्रभाव राशि कुंभ एवं स्वतंत्र भारत की कुंडली में यह योग विशेष फलित माना जा रहा है पंडित गौतम के अनुसार यह बुधादित्य योग आगामी 16 सितंबर तक अपनी महाबली ऊर्जाएं देगा



इसके पश्चात 17 तारीख को ही कन्या राशि में बुधादित्य योग बनेगा यह योग पूरे सितंबर माह रहेगा। उन्होंने बताया कि 1वर्ष में दो या तीन बार बुधादित्य योग का निर्माण होता है। इस योग के प्रभाव से सिंह , कन्या,कुंभ एवं मीन राशि बालों को विशेष लाभ होगा। अन्य राशियों के लिए सामान्य फलकारी रहेगा।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नर्मदापुरम की प्रबंध समिति का पुनर्गठन सर्वसम्मति से हुआ संपन्न

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा नर्मदापुरम की प्रबंध समिति का पुनर्गठन गत दिवस 26 अगस्त को रेवा कक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधि डिप्?टी कलेक्?टर डॉ. बबीता राठौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। नवीन कार्यकारिणी में श्री अरुण शर्मा को जिला प्रबंध समिति का चेयरमैन चुना गया, डॉ. हर्षल कावरे सचिव के रूप में कार्य करेंगे, डॉ. राजेश माहेश्वरी को वॉइस चेयरमैन के रूप में चुना गया है। तथा आनंद पारे को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रबंध समिति के सदस्यों में भूपेंद्र चौकसे, डॉ. अतुल सेठा, रविंद्र गंगरारे, डॉ. सुनीता कामले, डॉ. बबीता राठौर, डीएस दांगी, उदित द्विवेदी, मुकेश श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, गौरव सेठ, विपिन जैन, आशीष शर्मा, नीरजा फौजदार, अनीता दुबे, आमीन रायन और इटारसी से सत्यम अग्रवाल, डॉ नीरज जैन, भरत वर्मा,पिपरिया से हरदीप नागपाल,सोहागपुर से कृष्णा पालीवाल, सिवनी से रितेश जैन शामिल हैं। सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर मानव सेवा करने का संकल्प दिलाया गया।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ राहत, खोज एवं बचाव तकनीक विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न

रायसेन ■ अमृत दर्शन

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को बाढ़ राहत, खोज एवं बचाव तकनीक विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल से आए विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ आने के कारण, बाढ़ आने की संभावना होने पर किए जाने वाले कार्य और बाढ़ आने पर बचाव कैसे करें ! इसके बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि कई घण्टों से मूसलाधार बारिश होने या फिर विगत कुछ दिनों से लगातार बारिश होने पर बाढ़ आने की संभाववना हो सकती है। ऐसी स्थिति में नदियों व बरसाती नाले से दूर रहना चाहिए। बाढ़ संभावित क्षेत्र में घर होने पर अति आवश्यक वस्तुएं व प्राथमिक किट तैयार रखनी चाहिए तथा किसी भी समय घर खाली कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रशिक्षण में सर्पदंश, वज्रपात या आकाशीय बिजली गिरने, भवनों में आग लगने, भूकम्प आदि आपदाएं आने पर किस प्रकार त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य किए जाएं, कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर, अधीक्षक भू-अभिलेख सहित अधिकारी, कर्मचारी और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# अनुशासन नेतृत्व क्षमता श्रम के प्रति सम्मान और समाज सेवा के संस्कार प्रदान करती है -डॉ कामिनी जैन

नर्मदापुरम ■ निसं

शासकीय गृहविज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ कामिनी जैन के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने एवं कु पूजा गोस्वामी के सहयोग से किया गया एवं रेड रिबन क्लब सतत जागरूकता कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत एड्स नियंत्रण समिति जिला अस्पताल नर्मदापुरम से उपस्थित डॉ प्रियंका दुबे, प्रकाश चंद्र यादव, विवेक कुमार पटवा ,राजेंद्र कुमार द्विवेदी डॉ दुर्गेश तेली सर ने मंच पर अपनी गरिमा में उपस्थिति प्रदान की। प्राचार्य एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं छात्राओं के द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया। इस अवसर पर नवीन छात्राओं को बैच डायरी प्रदान कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि रासेयो विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास का माध्यम है जो उन्हें अनुशासन नेतृत्व क्षमता श्रम के प्रति सम्मान और समाज सेवा के संस्कार प्रदान करती है। उन्होने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट बनने बल्कि सामाजिक उत्तर दायीत्व निभाने के लिए भी प्रेरित किया। एनएसएस के माध्यम से छात्राएं राज्य, राष्टीऊय शिविर एवं प्री आर.डी.सी. में चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ कंचन ठाकुर ने बौद्धिक एवं श्रम प्रधान गतिविधियों की जानकारी दी डॉ दुर्गेश तेली सर ने समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्रीय निर्माण के संदर्भ में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने मेम ने इस वर्ष की ''थीम - डिजिटल साक्षरता के लिए युवा'' पर प्रकाश डाला । इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी कुमारी पूजा गोस्वामी ने एनएसएस के लक्ष्य उद्देश्य बैच के बारे में नवीन छात्रों को विस्तार से बताया । प्रकाश चंद्र यादव ने एचआईवी के मुख्य लक्षण एवं बचाव के उपाय बताएं। एवं अपने विचार रखते हुए कहा कि एचआईवी एड्स से पीड़ित लोगों के साथ भेदभाव करना अमान्य है उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे भ्रांतियां को दूर कर समाज में जागरूकता फैलाएं।

# शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाती, उनका बलिदान हमें सदैव राष्ट्रभक्ति की राह दिखाता है




सोहागपुर ■ निसं

आज सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह शहीद स्मारक, पालादेवरी सेमरी हरचंद में पहुंचकर शहीद संदीप कुमार उईके (काका) के स्मृति दिवस के अवसर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद संदीप कुमार ऊइके तीन वर्ष पूर्व देश की सेवा करते हुऐ शहीद हो गए थे।

शहीद संदीप कुमार उईके स्मृति दिवस के अवसर शासकीय प्राथमिक शाला पालादेवरी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह ने सहभागिता की और कार्यक्रम में उपस्थित सेना के जवानों का सम्मान किया। कार्यक्रम के पश्चात शहीद संदीप कुमार उईके स्मृति में उनकी समाधि स्थल के पास पौधा रोपित किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।: संपादक- डी.पी. गोयल ।मो. 9827054436, 9826735596.भोपाल कार्यालय :4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।) ।